दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 264
कोटद्वार मंगलवार
31 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार



खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com



**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


# उत्तराखंड की झांकी ने प्रथम स्थान पाकर बनाया इतिहास

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस परेड को अभी तक राजपथ के नाम से जाना जाता था, किंतु इस वर्ष उसका नाम बदलकर कर्तव्य पथ रखा गया है। नाम बदलने के बाद कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की यह पहली परेड थी, जिसमे उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को देश में प्रथम स्थान मिलने से इतिहास में उत्तराखंड राज्य का नाम दर्ज हो गया है।

भारत सरकार को भेजे गए झांकी का विषय/टाइटिल मानसखंडमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुझाया था। उन्होंने मंदिर माला मिशन के अंतर्गत मानसखंड के रूप में इस विषय का सुझाव दिया था।

झांकी निर्माण की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब दिल्ली कैंट में झांकी का निर्माण किया जा रहा था तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झांकी का निरीक्षण करते हुए झांकी को उत्ष्ट एवं राज्य की संस्ति के अनुरूप निर्माण के लिये सूचना विभाग के संयुक्त निदेशकध् नोडल अधिकारी के एस चौहान को निर्देश दिए थे तथा झांकी के कलाकारों से मिलकर उनको शुभकामनाएं भी दी थी

झांकी के निर्माण तथा झांकी में सम्मिलित कलाकार दिन रात मेहनत करते है। झांकी निर्माण का कार्य 31 दिसंबर को प्रारंभ किया गया था, जिसको सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक किया जाता है। साथ ही झांकी में




सम्मिलित कलाकारों को टीम लीडर के साथ कड़ाके की सर्दी में कर्तव्य पथ रिहर्सल के लिए 4 बजे जाना पड़ता है।

सितंबर माह में भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों एवं मंत्रालयों से प्रस्ताव मांगे जाते हैं।अक्टूबर तक राज्य सरकारें विषय का चयन कर प्रस्ताव भारत सरकार को भेजती है।उसके बाद भारत सरकार प्रस्तुतिकरण के किये आमंत्रित करती है। पहले बार की मीटिंग में विषय के आधार चार्ट पेपर में डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करना होता है। आवश्यक संशोधन करते हुए तीन बैठके डिजाइन निर्माण के सन्दर्भ में होती है जिन प्रदेशों के डिजाइन कमेटी को सही नही लगते हैं उनको शार्टलिस्ट कर देती है। उसके बाद झांकी का मडल बनाया जाता है। मडल के बाद थीम संग 50 सेकंड का जो उस प्रदेश की संस्ति को प्रदर्शित करता हो तैयार किया जाता है। इस प्रकार जब सभी स्तर से भारत सरकार की विशेषज्ञ समिति संतुष्ट हो जाती है तब झांकी का अंतिम चयन किया जाता है।

गढ़वाल की चारधाम यात्रा की भांति सरकार कुमाऊं में मंदिर माला मिशन के अंतर्गत पर्यटन बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं इसी के द्दष्टिगत प्रसिद्ध पौराणिक जागेश्वर धाम को दिखाया गया था। उत्तराखंड का प्रसिद्ध कर्बेट नेशनल पार्क, बारहसिंगा, उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तूरी मृग, गोरल, देश की राष्ट्रीय पक्षी मोर जो उधमसिंह नगर में पाई जाती है, उत्तराखंड के प्रसिद्ध पक्षी घुघुती, तीतर, चकोर, मोनाल आदि, तथा उत्तराखंड की प्रसिद्ध ऐपन कला को प्रदर्शित किया गया था। झांकी के आगे और पीटे उत्तराखंड का नाम भी ऐपन कला से लिखा गया था।

जागेश्वर धाम के मंदिर घनघोर देवदार के वृक्षों के बीच में है। इसलिए झांकी में मंदिर के आगे और पीटे घनघोर देवदार के वृक्षो का सीन तैयार किया गया था। मानसखंड की झांकी को देश मे प्रथम स्थान प्राप्त होने से कुमाऊं क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे क्योंकि देश विदेश के पर्यटको को मंदिर माला मिशन की जानकारी होने से वह कुमाऊं की ओर रुख करेंगे। इसलिए गढ़वाल मंडल के साथ अब कुमाऊं मंडल में भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

टीम लीडर संयुक निदेशक के एस चौहान के नेतृत्व में झांकी में उत्तराखंड की कला और संस्ति को प्रदर्शित करने के लिए उत्तराखंड का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य करने में पिथौरागढ़ के भीम राम के दल के 16 कलाकारों का उत्ष्ट प्रदर्शन रहा। उत्तराखंड को देवभूमि के साथ ही योग भूमि भी कहा जाता है। झांकी के ऊपर योग करते हुए बारु सिंह और अनिल सिंह ने योग करते हुए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

झांकी का थीम सांग जय हो कुमाऊं, जय हो गड़वाला को पिथौरागढ़ के प्रसिद्ध जनकवि जनार्दन उप्रेती ने लिखा था तथा उसको सौरभ मैठाणी और साथियों ने सुर दिया था। इस थीम गीत के निर्माता पहाड़ी द्वड़िया, देहरादून थे।

सोशल मीडिया में करोड़ो लोगों ने देखी उत्तराखंड की झांकी

सोशल मीडिया के माध्यम से गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को देश विदेश में करोड़ो लोगों ने देखा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर केदारनाथ और बद्रीनाथ की भांति ही कुमाऊं के प्रमुख पौराणिक महत्व के मंदिर क्षेत्रो में अवस्थापनात्मक विकास के लिए मानसखंड मन्दिर माला मिशन योजना पर काम किया जा रहा है।

इन्हें बेहतर सड़कों से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही इस योजना के जरिए गढ़वाल और कुमाऊं के बीच सड़क कनेक्टिविटी को भी सुधारा जाएगा, ताकि उत्तराखण्ड में गढ़वाल और कुमाऊं के बीच यातायात सुगम हो।

मानसखंड करिडोर को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि सरकार विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन को बढ़-ावा देने के लिए मानसखंड करिडोर पर काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि विभिन्न धार्मिक सर्किटों का विकास किया जाए। उन्होंने कहा इसके तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले मुख्य मंदिरों को आपस में जोड़ेंगे एवं सर्किट के रूप में विकसित करके धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी के विजन के अनुसार पहले चरण में करीब 2 दर्जन से अधिक मंदिरों को इसमें शामिल किया गया है। इनमें जागेश्वर महादेव, चितई गोलज्यू मंदिर, सूर्यदेव मंदिर, नंदादेवी मंदिर कसारदेवी मंदिर, झांकर सैम मंदिर पाताल भुवनेश्वर, हाटकालिका मंदिर, मोस्टमाणु मंदिर, बेरीनाग मंदिर, मलेनाथ मंदिर, थालकेदार मंदिर, बागनाथ महादेव, बैजनाथ मंदिर, कोट भ्रामरी मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर गुफा, गोल्ज्यू मंदिर, निकट गोरलचौड मैदान, पूर्णागिरी मंदिर, वारही देवी मंदिर देवीधुरा, रीठा मीठा साहिब, नैनादेवी मंदिर, गर्जियादेवी मंदिर, कैंचीधाम, चौती (बाल सुंदरी) मंदिर, अटरिया देवी मंदिर व नानकमत्ता साहिब प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं।

## 2025 तक उत्तराखंड देश का सर्वोच्च राज्य

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यह दशक उत्तराखंड का है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी द्दष्टि से गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड की झांकी को देश में प्रथम स्थान पर आना उनके विजन को दर्शाता है।

## सीएम ने दी बधाई, हम सभी के लिए गौरव का पल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हम सबके लिए गौरवशाली पल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में गढ़वाल का केदारखंड और कुमाऊं का मानसखंड के रूप में वर्णन किया गया है। स्कंदपुराण में मानसखंड के बारे में बताया गया है। जागेश्वर मंदिर की बहुत धार्मिक मान्यता है। प्रधानमंत्री जी ने हमेशा अपनी सांसतिक विरासत पर गर्व करने की बात कही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सांसतिक नवजागरण में उत्तराखंड सरकार भी काम कर रही है। मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत चार धाम की तर्ज पर कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है।

## मजदूर के पैर में गोली मारी, केस दर्ज

**रुड़की।** मजदूर के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। गोली की आवाज सुनकर क्षेत्रवासी मौके पर पहुंचे। क्षेत्रवासियों ने घटना की जानकारी मजदूर के परिजनों को दी।

पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र का तेल्लीवाला निवासी मुजम्मिल (28) रविवार देर रात के वक्त पाडली गुर्जर गया था। जहां वह एक गोदाम के पास जाने लगा। तभी किसी ने मुजम्मिल के पैर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर क्षेत्रवासी मौके पर पहुंचे तो मुजम्मिल लहूलुहान अवस्था में क्षेत्रवासियों को मिला। परिजनों को सूचना मिली तो वह घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने लोगों की मदद से मुजम्मिल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाने की तैयारी की। इस बीच गोली मारने की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल और अन्य लोगों से मामले की जानकारी जुटाने के प्रयास किए।

घायल अवस्था में मुजम्मिल को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डक्टरों ने मुजम्मिल की हालत को देखकर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक रणजीत खनेडा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास को लेकर केस दर्ज कर लिया गया है।

## बैंक में बुजुर्ग के थैले से 50 हजार चोरी

**रुड़की।** बैंक में पैसे जमा करते समय बुजुर्ग के थैले से 50 हजार निकाल लिए गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

जबरदस्तपुर निवासी बुजुर्ग मासूम का कहना है कि उसने दो लाख रुपये में अपनी जमीन बेची थी। बुजुर्ग का कहना है कि पैन कार्ड न होने का कारण सोमवार को वह लंढौरा पीएनबी शाखा में अलग-अलग खातों में 49 हजार रुपये जमा करने गया था। बुजुर्ग का कहना है कि तीन खातों में पैसा जमा करने के बाद चौथे खाते में पैसा जमा कर रहा था।

इसी दौरान ब्लेड से थैला काट कर किसी ने 50 हजार रुपये चोरी कर लिए। पीड़ित का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात व्यक्ति घटना को अंजाम देता नजर आ रहा है। चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सीमा पर तैनात कोटद्वार के जवान की मौत, बीस दिन पहले लौटा था ड्यूटी पर

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** जम्मू-कश्मीर के तंगधार सेक्टर में तैनात कोटद्वार के एक जवान का गश्त के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। भारी बर्फबारी के चलते बलिदानी सैनिक की पार्थिव देह अभी दिल्ली नहीं पहुंच पाई है।

कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत शिवपुर निवासी सूबेदार जीतेंद्र जुयाल 17 गढ़वाल राइफल्स में तैनात थे व वर्तमान में उनकी तैनात तंगधार सेक्टर में थी। बताया जाता है कि अपने क्षेत्र में गश्त के दौरान जब सूबेदार जीतेंद्र जुयाल चौकी पहुंचकर वाहन से नीचे उतरते तो जमीन पर गिर पड़े।अन्य जवान उन्हें तत्काल चौकी में मौजूद सेना के अस्पताल में ले गए। जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हेलीकाप्टर से बारामूला लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेना की ओर से उनके स्वजनों के साथ ही प्रशासन को भी घटना की जानकारी दी गई। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने अभी तक मिली जानकारी के आधार पर बताया कि प्रथम दृट्या सूबेदार जीतेंद्र जुयाल की मौत हृदय गति रूकने से बताई जा रही है। बताते चलें कि सूबेदार जीतेंद्र जुयाल करीब बीस दिन पूर्व ही छुट्टी काटकर ड्यूटी पर वापस लौटे थे। उनके घर पर उनकी पत्नी, एक पुत्री व एक पुत्र हैं।

## जम्मू-कश्मीर के तांगधार सेक्टर में तैनात कोटद्वार निवासी जवान की हृदय गति रुकने से हुई मौत

## खाई में गिरा वाहन, एक की मौत, एक घायल

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र में गुलाब घाटी के पास सोमवार तड़के मैक्स वाहन खाई में गिर गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एफएसओ गोविंद राम ने बताया कि रविवार रात एक पिकअप वाहन बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। वाहन तल्ली हल्द्वानी धान मिल निवासी शुभम नेगी पुत्र नंदन सिंह नेगी चला रहा था। बताया जा रहा है कि ज्यूलीकोट निवासी नितिन जोशी (31) पुत्र गोविंद बल्लभ जोशी ने शुभम से लिफ्ट मांगी। तड़के 2रू30 बजे गुलाब घाटी के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते वाहन गहरी खाई में गिर गया। आसपास के लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी।

# जोशीमठ आपदा को गलत ढंग से पेश कर रहा विपक्षः सीएम

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में जोशीमठ से लेकर कश्मीर तक कि नीतियों पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार और संगठन के आला पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। सोमवार सुबह सवा दस बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बैठक में शिरकत करने रायवाला पहुंचे। उन्होंने कहा कि जोशीमठ आपदा पर सरकार के कार्यों को संगठन ने भी सराहा है। विभिन्न समितियों की रिपोर्ट मिलने के बाद जोशीमठ मुद्दे पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जोशीमठ आध्यात्मिक और सामरिक द्दष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। सरकार हर हाल में बेहतर समाधान देने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि देश के भीतर दो प्रधान, दो संविधान और दो निशान देने का कुत्सित कार्य विपक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर की शांति व्यवस्था कांग्रेस अपनी हाल की यात्रा में भी देख चुकी है। पार्टी के सुझाव हमें ऊर्जा देने वाले हैं, हमारे अंदर उत्साह भरने वाले हैं। चारधाम यात्रा सहज और सुरक्षित होगी। बदरीनाथ धाम और औली जाने के मार्ग खुले हुए हैं। विपक्ष ने भारत जोड़ो यात्रा में जोशीमठ त्रासदी को गलत ढंग से पेश किया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, सहप्रभारी रेखा वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, नरेश बंसल, डक़ कल्पना सैनी, सांसद टिहरी राज्य लक्ष्मी शाह, मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सतपाल महाराज, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, अजय टम्टा, बृजभूषण गैरोला, मदन कौशिक, धन सिंह रावत, सुनील गामा, अनिता ममगाईं, मधु चौहान, दीप्ति रावत, कविता शाह, दीपक बिष्ट, कर्नल अजय कोठियाल, शमशेर पुंडीर, रविन्द्र राणा, महावीर पंवार, सतेंद्र राणा, रमेश मैखुरी, राजेश नौटियाल, मीता सिंह, सिद्धार्थ अग्रवाल, संदीप गोयल, शोभाराम प्रजापति, सुषमा रावत, वीरेंद्र रावत,गिरीश जोशी, इंद्र सिंह फर्स्वाण, लीला बिष्ट, रमेश बहुगुणा, निर्मल मेहरा, प्रताप बिष्ट,गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, दिव्या बेलवाल, रीना रांगड़, मनोज ध्यानी, विपिन कैंथोला, नेहा जोशी, देवयानी बिष्ट, गजराज बिष्ट, मनोज जखमोला, शशांक रावत, शिवकुमार गौतम,पंकज शर्मा, रजनीश शर्मा, दिनेश पयाल, मनवीर चौहान, नीलम काला, राजेश जुगलान,दिनेश सती आदि

## स्वरूप बदले बगैर बचाएंगे जोशीमठ

**देहरादून।** जोशीमठ आपदा भाजपा की कार्यसमिति में सबसे बड़ा मुद्दा रहा। मुख्यमंत्री ने जोशीमठ को पौराणिक शहर बताते हुए कहा कि यह पर्यटन और संस्ति का केंद्र भी है। सामरिक द्दष्टि से जोशीमठ की अहमियत ज्यादा है। लिहाजा, सरकार जोशीमठ को बचाने के लिए हर मुमकीन प्रयास कर रही है। मौजूदा वक्त में 70 फीसदी जनजीवन वहां सामान्य स्थिति में है। सीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि जोशीमठ न सिर्फ बचे, बल्कि उसका पुराना स्वरूप भी बरकरार रहे। आपदा को लेकर क्षेत्र में काम करने वाली आठ विशेषज्ञ समितियों की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# केदारनाथ में छह फिट तक बर्फबारी, चोपता में भी हिमपात

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हुई है। केदारनाथ में दिनभर बर्फबारी का दौर चला है। यहां सोमवार शाम तक छह फिट बर्फ गिर चुकी थी। चोपता में भी दो फिट तक बर्फ गिरी है। सोमवार रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय सहित अधिकांश क्षेत्रों में रिमझिम बारिश होती रही। केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ, चन्द्रशिला, कार्तिक स्वामी, चोपता, दुगलविट्टा, चिरबटिया सहित अनेक स्थानों पर जमकर बर्फबारी हुई है। जनवरी अंत में हुई जोरदार बर्फबारी से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। पर्यटकों ने भी बर्फबारी वाले इलाकों में रुख कर दिया है। केदारनाथ धाम में रविवार सांय से ही मौसम खराब होने लगा। सोमवार सुबह से ही बर्फबारी शुरू हो गई जो दिनभर जारी रही।

ऊखीमठ ब्लक के रांसी गौंडार सहित ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी हुई है। मनसूना, मक्कू और दुगलविट्टा चोपता क्षेत्र में बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के चलते पर्यटकों की आवाजाही दुगलविट्टा चोपता क्षेत्र में होने लगी है। बर्फबारी और बारिश के चलते ऊंचाई वाले स्थानों पर बसे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। कई जगहों पर आने-जाने में लोगों को परेशानी हो रही है।

## बद्रीनाथ धाम में गिरी तीन फिट बर्फ

चमोली। बद्रीनाथ धाम में सोमवार सुबह से ही बर्फबारी के चलते बद्रीनाथ में करीब तीन फिट तक बर्फ जम चुकी है। साथ ही निचले इलाके हनुमान चट्टी, बैनाकुली, लामबगड, पांडुकेश्वर में भी दोपहर बाद से लगातार बर्फबारी जारी है ।

## गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले अहमद मुर्तजा को फांसी की सजा

**लखनऊ, एजेंसी।** गोरखनाथ मंदिर में हमला करने के मामले में दोषी ठहराये अहमद मुर्तजा को फांसी की सजा दी गई। गोरखनाथ मंदिर में घुसकर सुरक्षाकर्मियों पर आतंकी हमला कर घायल करने के आरोपी अहमद मुर्तजा अब्बासी को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण पांडेय ने यह सजा सुनाई। गौरतलब है कि चार अप्रैल को गोरखनाथ चौकी के मुख्य आरक्षी विनय कुमार मिश्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि वह मंदिर के गेट नंबर एक का सुरक्षा प्रभारी था। तभी अचानक आरोपी ने बांके से पीएसी के सिपाही अनिल कुमार पासवान पर हमला कर हथियार छीनने की कोशिश की। बचाव में अन्य सुरक्षाकर्मी आ गए तो आरोपी ने सिपाही गोपाल गौड़ को भी घायल कर दिया और बांका लहराते हुए धार्मिक नारे लगाने लगा।

# धारा 370 हटाने से राहुल गांधी की यात्रा का शांतिपूर्ण समापन : सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने से पूरे देश में एक सुखद संदेश गया और उन दलों को भी करारा जवाब मिला जो अक्सर यह कहते सुने जाते थे कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि धारा 370 हटने से जो वातावरण बना उससे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गयी। धामी ने कटाक्ष किया कि जिनकी सरकारों में संगीनों के साये में तिरंगा फहराया जाता था, वहां आज सकुशलता से यात्रा और सार्वजनिक राजनैतिक कार्यक्रम आयोजित और सम्पन्न हो रहे हैं । भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति में सीएम ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की प्रदेश में संचालित योजनाओं की समीक्षा से आये सुझावों को शासन स्तर पर अमल में लाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि कार्यसमिति में राज्य



एवं केंद्र की विकास व जन कल्याण योजनाओं विशेषकर महिला आरक्षण कानून एवं सख्त धर्मातरण कानून पर सरकार का आभार व्यक्त किया गया। कार्यसमिति में विभिन्न विषयगत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें प्रमुखता से मन की बात कार्यक्रम को लेकर लक्ष्य तय किये गए । प्रदेश से बूथ स्तर तक सभी पदाधिकारियों के लिए अनिवार्य रूप से इस कार्यक्रम में सहभागिता करने एवं प्रत्येक विधानसभा में 100 बूथों पर न्यूनतम 100 की जनसंख्या वाले कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । इसके अतिरिक्त राज्य एवं केंद्र सरकार के बजट को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश की चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। जी-20 के आयोजन को शानदार बनाने व स्थानीय संस्ति, अध्यात्म एवं परंपराओं को शामिल करने लिए भी प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया। डाटा प्रबंधन की द्दष्टि से सभी पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकर्ताओं को सरल एप के माध्यम से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कार्यसमिति में मौजूद सभी पदाधिकारियों से बैठक के राजनैतिक प्रस्ताव एवं संगठन के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रदेश सह प्रभारी व पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कोरोना में राज्य एवं केंद्र सरकार के कामों को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने बताया कि आगामी 10 तारीख तक सभी जनपदों की कार्यसमिति एवं 20 तक सभी मंडलों की कार्यसमिति का गठन किया जाना तय हुआ है। प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने जोशीमठ आपदा के लिए बनाई पार्टी की 14 सदस्यीय समिति की रिपोर्ट पेश करते हुए आवश्यक सुझाव कार्यसमिति में रखे। इसके अलावा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्षों द्वारा विस्तार से अब तक के कामों का लेखा जोखा देते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यसमिति में पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट,आदित्य कोठारी, खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुभानंद जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, ज्योति गैरोला, आशा नौटियाल, शशांक रावत, राकेश राणा, रविन्द्र राणा,मनोज ध्यानी समेत प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला सह प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, स्थायी आमंत्रित सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य समेत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने सहभागिता की।

# मनरेगा में कार्य न मिलने पर दिया धरना




रुड़की। हबीबपुर निवादा के ग्रामीणों ने ब्लॉक कार्यालय के समीप मनरेगा में काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। हबीबपुर निवादा के रणवीर सिंह, नरेश कुमार, गोविंद कुमार, अखिलेश, वीरवति, लाजवंती, अमित कुमार, दीपा, मोनू, सविता, सुदेश, अनारकली आदि ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के समीप मनरेगा में कार्य न मिलने को लेकर भत्ता दिया जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन करने वाले लोगों ने बताया कि उन्होंने मनरेगा में काम के लिए आवेदन किया था लेकिन उन्हें काम नहीं मिल पाया है। जिस पर बेरोजगारी भत्ता दिए जाने की मांग को लेकर धरने पर

## डीएम ने ली राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक

रुद्रप्रयाग। सोमवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की।

सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व पंजीकरण का 83 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष अप्रैल माह तक एएनसी पंजीकरण का 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को सबसे कम प्रदर्शन वाले पांच स्वास्थ्य केंद्रों में एएनसी पंजीकरण सुधार पर कार्य करने, होम डिलीवरी को कम से कम कर संस्थागत प्रसव बढ़ोतरी की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में शिशु मृत्यु को कम से कम करने की दिशा में सभी को संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत है।

# राष्ट्रपिता ने अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया

विकासनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शिक्षण संस्थानों में रामधुन गूंजी। शिक्षकों और छात्र–छात्राओं ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय विकासनगर में शिक्षकों ने नौनिहालों को आजादी के आंदोलन की जानकारी दी। सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखने के बाद नौनिहालों और शिक्षकों ने 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम... की मधुर तान छेड़ी। जूनियर हाईस्कूल पष्टा में प्रधानाध्यापक सुरेश नौटियाल ने छात्रों को बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने में विशेष योगदान दिया। एक पिता की तरह देश के नागरिकों को सही मार्ग पर चल अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय डोभरी में शिक्षकों और बच्चों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाध्यापक अर्चना रानी ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रपिता ने अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया। देश की आजादी के लिए अपना जीवन बिता देने वाले बापू स्वतंत्रता के कुछ महीनों बाद ही देशवासियों को छोड़कर चले गए। महात्मा गांधी की याद में उनकी पुण्यतिथि को भारत शहीद दिवस के तौर पर मनाता है। इस दौरान शालिनी गौतम, बनीता राणा, दीपा रानी, सोमवती, निर्मला देवी आदि मौजूद रहे।शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से तिलक भवन में राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शम्मी प्रकाश ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरे विश्व का शांति और अहिंसा का संदेश दिया। लेकिन आज उनके ही देश में नफरत का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन सर्वकालिक प्रासंगिक है। गांधी दर्शन के आधार पर ही देश के हर वर्ग का उत्थान संभव है। इस दौरान जिला महासचिव राजीव शर्मा, विकास शर्मा, कितेश आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर पछुवादून विकास मंच द्वारा उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखनवाला में आयोजित कार्यक्रम में मंच द्वारा बच्चों को गांधी जी के दर्शन के बारे में बताया। मंच संयोजक अतुल शर्मा ने कहा कि भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने में विशेष योगदान दिया।

# 2025 तक उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने का लिया संकल्प

देहरादून। भाजपा की दो दिवसीय कार्यसमिति में अंतिम दिन कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय नेतृत्व को यह विश्वास दिलाया गया कि राज्य में लोकसभा चुनाव और निकाय चुनाव में शत–प्रतिशत जीत भाजपा की होगी। साल 2025 तक देश में उत्तराखंड को आदर्श राज्य के रूप मे स्थापित करने का संकल्प लिया गया। राज्य सरकार के अभी तक के कामकाज को भी संगठन ने बेहतर बताया। रायवाला स्थित एक रिजॉर्ट में आयोजित कार्यसमिति के अंतिम दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कई कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में संगठन के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही मन की बात कार्यक्रम के लिए अप्रैल में व्यापक आयोजन का फैसला लिया गया। धर्मांतरण कानून पर संगठन ने राज्य सरकार की जमकर तारीफ की। भ्रष्टाचार पर हुई कार्रवाई को ऐतिहासिक बताया। महिलाओं को प्रदेश में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के फैसले को भी जमकर सराहा गया। जोशीमठ में राहत और विस्थापन की प्रक्रिया को लेकर भी संगठन ने सरकार की कार्रवाई पर गुडवर्क की मुहर लगाई। संगठन प्रदेश सरकार के अभी तक के कामकाज से संतुष्ट दिखा। मौके पर महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, सहप्रभारी रेखा वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डा. कल्पना सैनी, सांसद राज्यलक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सतपाल महाराज, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा, अजय टम्टा, बृजभूषण गैरोला, मदन कौशिक, धन सिंह रावत, सुनील गामा, अनिता ममगाईं, मधु चौहान, दीप्ति रावत, कर्नल अजय कोठियाल, शमशेर पुंडीर, रविंद्र राणा, महावीर पंवार, कविता शाह, दीपक बिष्ट, सतेंद्र राणा, रमेश मैखुरी, राजेश नौटियाल, सुषमा रावत, वीरेंद्र रावत, गिरीश जोशी, इंद्र सिंह फर्स्वाण, लीला बिष्ट, रमेश बहुगुणा, निर्मल मेहरा, प्रताप बिष्ट,गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, दिव्या बेलवाल, रीना रांगड़, विपिन कैंथोला, नेहा जोशी, देवयानी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सुभाष घाट स्थित कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इससे पूर्व भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर महानगर कांग्रेस ने सुभाष घाट स्थित कार्यालय पर ध्वज फहराया। महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श और अहिंसा की प्रेरणा के सामने अंग्रेजों ने भी हार मान ली थी। कार्यकारी महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी व कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह की घोषणा की और पूरे देश को एकजुट कर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया।

# एसडीएम से लगाई मानदेय दिलाने की गुहार



विकासनगर। तहसील क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली एक संस्था के खिलाफ युवाओं ने तहसील प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की है। तहसील मुख्यालय पहुंचे युवाओं ने बताया कि संस्था की ओर से 75 युवाओं को बतौर शिक्षक नियुक्त किया गया था। दावा किया था कि एक साल तक उन्होंने अपनी सेवाएं दी, लेकिन उन्हें मानदेय नहीं दिया गया। अब संस्था के पदाधिकारी भी क्षेत्र से गायब हो चुके हैं। युवाओं ने एसडीएम को बताया कि कुछ समय पहले एक संस्था ने पछुवादून क्षेत्र में गरीब नौनिहालों को पढ़ाने के लिए 75 शिक्षकों की तैनाती की। इन शिक्षकों को बस्तियों में जाकर बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए बच्चों से भी एक हजार रुपये बतौर शुल्क लिए गए जिसे एक एक साल बाद वापस किया जाना था। लेकिन संस्था की ओर से बच्चों का शुल्क भी वापस नहीं किया गया। किसी भी शिक्षक को मानदेय भी नहीं दिया गया। मानदेय दिए जाने और बच्चों से लिया गया शुल्क वापस करने जब संस्था के प्रबंधन से बात की गई तो कुछ समय बाद प्रबंधन से जुड़े अधिकारी ही क्षेत्र से नदारद हो गए। अब शिक्षक अपने मानदेय के लिए और अभिभावक अपने बच्चों का शुल्क वापस लेने के लिए भटक रहे हैं। बताया कि दूरभाष पर संपर्क करने की भी कोशिश की जा रही है, लेकिन संस्था के किसी भी पदाधिकारी से संपर्क नहीं हो रहा है।

## एक नजर

### नशे की प्रवृत्ति रोकने के लिए धरातल पर हो काम

चमोली। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर सोमवार को दीवानी न्यायालय कर्णप्रयाग में विशेष ड्रग इकाई की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान में नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उपायों पर चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों को स्कूल/कॉलेज व अन्य स्थानों पर जाकर युवाओं और आम लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए गए। न्यायालय परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिनियर सिविल जज छवि बंसल ने कहा कि युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और विशेष ड्रग इकाई के सदस्यों को निर्देश दिए कि वे धरातल पर जाकर युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दें। साथ ही स्कूल व कॉलेजों में जाकर जनजागरूकता गोष्ठी के माध्यम से युवाओं को जागरूक करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमाह सात तारीख तक जनजागरूकता के तहत किए गए कार्यों की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएं। कहा कि खांसी या अन्य दवाएं जिनमें नशे की मात्रा पाई जाती हैं उन्हें बेचेने से पहले मेडिकल स्टोर संचालक उन दवाओं का ब्योरा अपने रजिस्टर में दर्ज करें। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्तिकेय जोशी, तहसीलदार सुरेंद्र सिंह देव, डॉ. मनोज मिश्रा, थानाध्यक्ष बृजमोहन राणा, अधिवक्ता सतीश गैरोला आदि थे।

### मेडिकल एजेंसी में आग लगने से लाखों का सामान राख

रुड़की। शहर की एक मेडिकल एजेंसी में देर रात आग लगने से सामान जलकर स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। संजय निवासी पूर्वावली कोतवाली गंगनहर की मेडिकल एजेंसी गणेशपुर चौक पर है। देर रात मेडिकल एजेंसी में आग लगने की सूचना अग्निशमन कर्मचारियों को मिली।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े की शुरुआत, कुष्ठ निवारण की शपथ दिलाई



विकासनगर। विश्व कुष्ठ रोग निवासरण दिवस पर सोमवार से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े की शुरुआत की गई। उप जिला चिकित्सालय में सभी चिकित्सकों और पैरा मेडिकल कर्मियों को कुष्ठ निवारण की शपथ दिलाई गई। इस बार कुष्ठ निवारण अभियान की थीम 'कुष्ठ से लड़ें, कुष्ठ को इतिहास बनाएं रखी गई है। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को कुष्ठ रोग निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े की शुरुआत की जाती है। उप जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. विजय सिंह ने कहा कि पखवाड़े के दौरान जनमानस को यह बताया जाए कि कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है। कुष्ठ रोग का पूरा उपचार संभव है। वहीं कुष्ठ रोग के इलाज में देरी से विकलांगता हो सकती है। कुष्ठ रोगियों को स्पर्श करने से कुष्ठ रोग नहीं होता है।

बताया कि इस दिवस पर सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थाओ में कुष्ठ रोग को लेकर जिलाधिकारी की घोषणा व शपथ को संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा पढ़ा जाएगा। पीएचसी स्तर पर ब्लॉक चिकित्साधिकारी और ग्राम स्तर पर प्रधानों को यह जिम्मेदारी दी गई है। आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार–प्रसार सामग्री वितरित कर जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही कुष्ठ रोग विभाग की टीम घर–घर जाकर लोगों में लक्षण नजर आने पर जांच करेगी।



## अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के विरोध में उतरे संत

हरिद्वार। बैरागी कैंप में अतिक्रमण हटाने पहुंची यूपी सिंचाई विभाग की टीम को संतों के विरोध का सामना करना पड़ा। संत चलती जेसीबी में जा चढ़े। एक संत ने फंदा लगाकर आत्महत्या करने तक का प्रयास किया। वहां मौजूद पुलिस बल ने बमुश्किल संत के गले में पड़े फंदे को हटाया। कार्रवाई के लिए तैनात मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार रमेशचंद ने बताया कि वार्ता के बाद चार दिन का समय संतों को दिया गया है। यूपी सिंचाई विभाग की टीम सोमवार को बैरागी कैंप स्थित अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची। बैरागी कैंप स्थित दिगम्बर अखाड़े की तार से बनायी गयी दीवार को जेसीबी से ढहाना शुरू कर दिया। जिसको देखते ही वहां मौजूद संतों ने विरोध शुरू कर दिया।



## क्षतिग्रस्त प्याऊ एवं सीढ़ियों की मरम्मत के कार्य का किया शुभारंभ

हरिद्वार। मनसा देवी रोपवे मार्ग के निकट संब्जी मंडी स्थित क्षतिग्रस्त प्याऊएवं सीढ़ियों की मरम्मत के कार्य का शुभारंभ मेयर अनिता शर्मा और क्षेत्रीय पार्षद मंजू गर्ग ने नारियल फोड़कर किया। मरम्मत कार्य शुरू होने पर मोती बाजार व्यापार मंडल ने मेयर और पार्षद का धन्यवाद ज्ञापित किया। मोती बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, महामंत्री माधव बेदी कोषध्यक्ष मोहित गर्ग ने कहा कि क्षतिग्रस्त सीढ़ियों के चलते वहां से गुजरने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसको लेकर व्यापार मंडल ने क्षेत्रीय पार्षद से इसकी मरम्मत के लिए कहा था।

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को सीडीओ अध्यक्षता में हुई जिला प्रबंधन समिति की बैठक

चमोली। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को लेकर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इस दौरान दिव्यांगजनों के हित में कार्यरत जिला दिब्यांग पुनर्वास केन्द्र गोपेश्वर द्वारा संचालित विविध कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को समर्थ बनाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष पहल शुरू की जाए। दिव्यांगजनों का कौशल विकास कर सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से



सशक्त बनाया जाए। उन्होंने दिव्यांगजनों का समूह बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में एसीएमओ डा. वीपी सिंह, डीडीओ डा.महेश, डीपीआरओ आरएस गुंजियाल, सीईओ कुलदीप गैरोला, डीपीओ संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी धंनजय लिंगवाल आदि उपस्थित थे।

# शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने किया बापू को याद

नई टिहरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को 75वें शहादत दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेसजनों ने याद किया। इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वैश्विक व राष्ट्रीय स्तर पर रंगभेद, नस्लभेद व असमानता के विरुद्ध जन–जन की ध्वनि थे। सत्य और अहिंसा के पुजारी के रूप में दुनिया उन्हें जानती थी। हम



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उन्हें नमन करते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी में अहम योगदान देते हुए 1947 में भारत की आजादी तक स्वतंत्रता के आंदोलन को अपने मुकाम पर पहुंचाया। इससे पहले 1920 में असहयोग आंदोलन और 1930 में दांडी मार्च यात्रा करके विश्व जगत में भारत का नाम रोशन किया। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट और शहर अध्यक्ष देवेंद्र नौटियाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन की यात्रा गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान से शुरू करते हुए देश–विदेशों में अहिंसा का पैगाम दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सामाजिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक नेता के रूप में देश–विदेशों में जाने गए।

## पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता गांधी को श्रद्धांजलि दी

रुड़की। साईं कृपा फाउंडेशन ने मोंटफोर्ट स्कूल के समीप शहीद दिवस मनाया। इसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप जलाकर व फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गयी। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा गीता कार्की ने कहा कि महात्मा गांधी का सपना था कि देश नशा मुक्त बने व सभी देशवासी स्वदेशी अपनाएं। इस दौरान फाउंडेशन प्रबंधक विष्णु अग्रवाल, ऋषभ सचदेवा, शाहबाज, परबजोत, आजाद, अर्जुन, दिनेश, विनेश व विनोद आदि मौजूद रहे।

# मुस्लिम फंड मामले में खुले कई राज

हरिद्वार। मुस्लिम फंड संस्था संचालक अब्दुल रज्जाक से करोड़ों की रकम पूरी प्लानिंग के साथ ठगी गई थी। विदेश से फंडिंग कराने की मुख्य कड़ी बनकर उभरा अंसार निवासी संभल यूपी का नाम के किरदार को पुलिस फर्जी मान रही है। क्योंकि जिस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया जा रहा था वह गढ़मुक्तेश्वर निवासी शख्स के आईडी प्रूफ पर खरीदा गया था। सीआईयू एवं ज्वालापुर पुलिस जैसे–जैसे इस बहुचर्चित प्रकरण में शामिल किरदारों की हकीकत टटोलने में जुटी है, तब तक हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आ रही है। विदेश से सौ करोड़ की फंडिंग कराने में जिस अंसार का नाम उछला है, उसने हमेशा से व्हाट्सऐप पर ही संपर्क साधा था, क्योंकि जब उसकी सीडीआर निकाली गई तब सामने आया कि उस मोबाइल फोन नंबर पर पिछले एक साल में एक भी फोन कॉल नहीं आई है। पुलिस पूछताछ में संस्था संचालक अब्दुल रज्जाक ने 85 लाख की रकम एक बैंक खाते में जमा करने की बात कही है। बैंक खाता किसी आकाश राणा नाम के व्यक्ति का बताया जा रहा है। अब पुलिस उस खाते की डिटेल जुटा रही है।

## शिविर में अधिकारियों को बताई समस्याएं

**पौड़ीः** प्रदेश सरकार की पहल पर सरलीकरण समाधान एवं निस्तारण को लेकर विद्युत वितरण उपखण्ड पौड़ी द्वारा सोमवार को गगवाडस्यूं पट्टी के ल्वाली में विद्युत समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया।

सोमवार को आयोजित शिविर में उपभोक्तओं ने कुल 15 शिकायतें रखी। 14 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। शिविर में 2 शिकायतें बिलिंग, 9 शिकायतें मीटर खराब, 3 नए कनेक्शन, 1 शिकायत पोल लगाने, ल्वाली व आसपास के गांवों में एबी केबिल लगाने के लिए ग्राम प्रधान और उपभोक्ताओं द्वारा प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि इसका सर्वे कर प्राकलन बनाकर स्वीकृति के लिए भेज दिया जाएगा। शिविर में उपखण्ड अधिकारी ईसी आरपी नौटियाल, अवर अभियंता गौतम कुमार सान्याल, पंकज कुमार, अजय भट्ट, धर्मसिंह मिया, गणेश कुमार, रामस्वरूप आदि शामिल थे।

## पौड़ी में गिरा पारा, ठंड ने बढ़ाई मुश्किल

**पौड़ीः** सोमवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। इससे लोगों की कंपकंपी छूटी। सुबह से ही रुक–रुक कर बारिश होती रही। बारिश होने से आमजनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। जिले के धुमाकोट, नैनीडांडा, बीरोंखाल, सतपुली आदि क्षेत्रों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सराहा लेते रहे।

# नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाएं पुलिसः ऋतु

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने ली अधिकारियों की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अग्नि शमन आदि जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पुलिस प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक की। बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को नशाखोरी ,अवैध शराब की बिक्री पर रोक एवं कानून व्यवस्था व ट्रैफिक को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष ने कैंप कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार में नशाखोरी , अवैध शराब, नशीले पदार्थों की बिक्री पर कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार के शिवराजपुर में अवैध शराब और बालासौड के पार्कों में नशीले पदार्थों के रोकथाम हेतु सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि नशे के आदि हुए लोगों को सुधारा जाए और बेचने वाले पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन द्वारा कोटद्वार में नशा मुक्ति केंद्र की कमी की समस्या बताई गई जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने खाली पड़े पुराने सरकारी भवनों को नशा मुक्ति केंद्र में परिवर्तित करने के सुझाव दिए। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा बताया गया कि पौड़ी पुलिस द्वारा हाल के 3 महीनों में 121 ग्राम स्मैक 2 किलो चरस 29 किलो गांजा पकड़ा गया जिसमे 26 मुकदमे किए गए और 29 गिरफ्तारियां की गई।

बैठक में अग्निशमन अधिकारी कोटद्वार द्वारा फायर हाइड्रेंट की कमी के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि जल निगम द्वारा शासन को 09 हाइड्रेंट का प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर कार्यवाही लंबित है। विधानसभा अध्यक्ष ने इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से जानकारी ली। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा यातायात पुलिस को कोटद्वार में ट्रैफिक की समस्या को दुरुस्त करने, अवैध अतिक्रमण को हटाने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों पर चालन की कार्रवाई करने सुझाव दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद सुयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश लाल कोहली, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन वैभव सैनी, अग्निशमन अधिकारी कोटद्वार सुरेश चंद, निरीक्षक यातायात कोटद्वार शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय सिंह मौजूद रहे।



कोटद्वार में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते विस अध्यक्ष।

## बालिकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



कार्यशाला में आत्मरक्षा के गुर सिखाते पुलिस कर्मी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भगत राम न्यू मार्डन स्कूल पौड़ी में आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस विभाग द्वारा लगभग 200 बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

महिला हैल्प डेस्क प्रभारी पूनम शाह व एएसआई वैशाली भंडारी ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण तथा महिलाओं व छात्राओं के साथ होने वाले अपराधों से कैसे बचाव करें उसकी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आपातकालीन नम्बर 112 की जानकारी भी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य धर्म सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा रावत सहित स्कूली छात्राएं उपस्थित रहे।

## ग्राम समाज की सरकारी जमीन के तबादलों को निरस्त कराने की मांग की

विकासनगर। एकता एंटी क्रप्शन के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व दर्जाधारी ने जिलाधिकारी देहरादून को एक शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि सेंट्रल होपटाउन सेलाकुई में पूर्व में प्रधानों ने ग्राम समाज की एक सौ बीघा से अधिक जमानों का मनमाने तरीके से सौदा कर तबादला कर दिया।

जबकि बदले में ग्राम समाज की जमीन को कहीं अन्यत्र कोई जमीन नहीं दी गयी है। ग्राम समाज की जमीनों के तबादलों को स्थगित कर ग्राम समाज व जमीन वापस दिलाने की मांग की है। एकता एंटी क्रप्शन के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व दर्जाधारी आकिल अहमद ने जिलाधिकारी देहरादून को एक शिकायती पत्र सौंपा। इसमें आरोप लगाया कि पूर्व में कुछ प्रधानों ने ग्राम समाज की जमीन से करीब एक सौ बीघा जमीन का मनमाने तरीके से सौदाकर जमीनों को अपने चेहतों में बांटकर उनके खसरा संख्या आदि का तबादला कर दिया गया। जिससे राज्य सरकार व सेंट्रल होपटाउन ग्राम पंचायत अब नगर पंचायत सेलाकुई को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बताया कि ग्राम समाज की जमीन का चहेतों के नाम पर तबादले तो कर दिए गये। लेकिन उसके बदले में ग्राम समाज को कोई जमीन नहीं लौटाई गयी है। आकिल अहमद ने जिलाधिकारी से ग्राम समाज की जमीन के किये गये तबादलों की जांच कर तबादले निरस्त कर बांटी गयी ग्राम समाज की जमीन को वापस ग्राम समाज को दिलाने की मांग की है। जिलाधिकारी देहरादून ने इस मामले में अपर जिलाधिकारी मामले की जांच कर आख्या देकर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को किया याद

## कांग्रेस कमेटी की ओर दी गई राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने देश हित में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बापू अहिंसा के पुजारी रहे और ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की लड़ाई जीतने के लिए अहिंसा और सच्चाई के पथ पर अग्रसर रहे। कई बार जेल जाने के साथ ही उन्होंने देश को आजादी मिलने तक अपना आंदोलन जारी रखा था। वह हमेशा सामाजिक समानता में भरोसा रखते थे। इसलिए अस्पृश्यता के घोर खिलाफ थे। कहा कि आज उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन खर्कवाल, नगर अध्यक्ष संजय मित्तल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, यूथ कांग्रेस कोटद्वार विधान सभा अध्यक्ष पंकज खत्री, जितेंद्र भाटिया, विजयनारायण सिंह, धीरेंद्र बिष्ट, बृजमोहन सिंह नेगी, पार्षद विपिन डोबरियाल, विजय माहेश्वरी और आशुतोष वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

## बैंक का पैसा लेकर जा रही कार के ऊपर गिरा पेड़, तीन घायल



पेड़ गिरने के बाद क्षतिग्रस्त स्थिति में खड़ी कार

### पौड़ी–बुअखाल रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोपडियू के समीप हुआ हादसा

**पौड़ी** : पौड़ी–बुआखाल–रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोपडियू के समीप एक कार पर पेड़ गिर गया। कार पौड़ी से एसबीआई का कैश लेकर चाकीसैंण जा रही थी। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं।

हादसे की सूचना पर पहुंची पाबौ पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ में भर्ती कराया है। पाबौ चौकी प्रभारी दीपक पंवार ने बताया कि पौड़ी से एसबीआई बैंक का कैश लेकर आल्टो कार में तीन लोग चाकीसैंण जा रहे थे। तभी चोपडियू के पास कार में पेड़ गिर गया। जिसमें कार सवार तीनों को चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि कार चालक चाकीसैंण निवासी सूर्यप्रकाश, गनर नवीन सिंह, एसबीआई चाकीसैंण के क्लर्क सुंदर सिंह घायल हुए हैं। इन्हें मामूली चोटें हैं। साथ ही कार में रखा बैंक का कैश भी सुरक्षित है।

# युवा मंडल कंदोली ने जीता बॉलीबॉल में का फाइनल मुकाबला

## नेहरू युवा केंद्र पौड़ी की ओर से आयोजित की गई दो दिवसीय प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नेहरू युवा केंद्र पौड़ी की ओर से लैंसडौन में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान युवा मंडल कंदोली ने युवा मंडल बरस्वार को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। वहीं, प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बालीबाल में युवा मंडल कंदोली ने युवा मंडल बरस्वार को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। कबड्डी में युवा मंडल जहरीखाल विजेता जबकि, लैंसडौन उपविजेता रहा। लंबी कूद में ऋषभ रावत, अयान व साहिल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, बालिका वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में युवा मंडल बरस्वार की टीम विजयी रही। सौ मीटर बालिका वर्ग दौड़ में सिमरन प्रथम, मानवी द्वितीय व राधिका तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शिक्षक पूरन सिंह नेगी, विमल सिंह रावत रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय कुमार थे। इस मौके पर युवा कल्याण विभाग से सोहन रावत, तरूण प्रकाश, अभिजीत सिंह गुसाईं, अंजली बिष्ट, अदिति सिंह आदि मौजूद रहे।



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## बारिश ने बढ़ाई ठंड, चली शीतलहर



कोटद्वार में ठंड से बचाव के लिए जलाया गया अलाव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार में आसपास के क्षेत्र में हुई बारिशन ने ठंड बढ़ा दी है। सोमवार को पूरे दिन धूप के दर्शन नहीं हुए। ऐसे में शहरवासियों ने ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लिया।

पिछले कुछ दिनों से आसमान में बादल छाए हुए थे। ऐसे में रविवार रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया था। बादलों की गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई थी। पूरे दिन रुक–रुक कर होती बारिश का दौर सोमवार सुबह नौ बजे तक देखने को मिला। ऐसे में तपमान में भी गिरावट देखने को मिली। ऊंचाई वाले स्थानों में हुई बर्फबारी के कारण कोटद्वार में भी शीतलहर का प्रकोप रहा। सोमवार को पूरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए। व्यापारियों व अन्य लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। ठंड से सबसे अधिक परेशान सड़क पर बेसहारा घूमने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। हालांकि, नगर निगम की ओर से शहर में मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। लेकिन, बारिश के कारण अलाव भी गीले पड़े हुए थे।

# कॉलेज के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कॉलेज के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी एवं पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश उनियाल ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने श्री गुरु राम राय दरबार साहिब देहरादून के महन्त देवेन्द्र दास जी महाराज का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गिरीश उनियाल ने बताया कि कोटद्वार एवं गढ़वाल क्षेत्र बच्चों के लिए यह पैरामेडिकल कॉलेज मील का पत्थर साबित होगा। कॉलेज में बीएमआरआईटी, बीएमएलटी, बीएमएम, बीपीटी और बीएससी (आप्टोमेट्री) आदि के स्नातक स्तर के कोर्स आगामी सत्र से प्रारम्भ होने जा रहे हैं।

इस अवसर पर श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन के सदस्य हिमांशु द्विवेदी और रतनवीर मौजूद रहे।



कोटद्वार में कालेज के वार्षिक कलैंडर का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष

## टमाटर फसल हेतु प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की मांग की

विकासनगर। सीमांत तहसील क्षेत्र के किसानों ने कृषि एवं उद्यान मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर केराड़, नायली क्षेत्र में टमाटर फसल के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की मांग की है। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि केराड़, सारनी, किस्तूड़, नायली, शूनीर, दारागाड खड्ड आदि गांवों के किसान प्रति सीजन एक लाख से अधिक क्रेट टमाटर का उत्पादन करते हैं। बरसात का सीजन शुरू होने पर मंडी में टमाटर के दाम गिर जाते हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। दाम गिरने से किसानों को उनकी मेहनत का मेहनताना भी पूरा नहीं मिलता है। कहा कि क्षेत्र में सरकार की ओर से एक प्रोसेसिंग यूनिट लगाए जाने से किसान टमाटर का जैम, चटनी और अन्य उत्पाद तैयार कर सकते हैं। इससे फसल खराब होने से भी बचेगी और दाम कम होने से समस्या और बिचौलियों से भी निजात मिलेगी।

# गोष्ठी में बापू के योगदान को किया याद

**पौड़ीः** नेहरू युवा केंद्र पौड़ी गढवाल, (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा महात्मा गांधी जी की पुण्य स्मृति संगोष्ठी के साथ नेहरू युवा केंद्र पौड़ी के सभागार में आयोजित की गई। जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट तथा लेखा कार्यक्रम पर्यवेक्षक अंजना बिष्ट द्वारा महात्मा गाँधी जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया।

संगोष्ठी में जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट द्वारा युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि देश की आजादी में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने अपना अमिट योगदान दिया, इसलिए उन्हें राष्ट्रपिता कि उपाधि से नवाजा गया। साथ ही देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाने में एक सफल नेतृत्व का कार्य कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बोलते हुए युवा मंडल बहेडा के अमन नयाल द्वारा गाँधी जी की शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा गया कि हमें भी महात्मा गाँधी जी के दिखाए गए सनमार्ग पर चलकर देश के विकास में अपना सहयोग देना होगा तभी युवाओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी द्वारा देश के लिए जो बलिदान दिया वह सफल होगा और यही बापूजी को सही मायने में श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में रासेयो इकाई बीजीआर कैम्पस पौडी के स्वयंसेवी सार्थक आर्य द्वारा गाँधी जी द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों पर बोलते हुए कहा कि राष्ट्रपिता सत्य अहिंसा के पुजारी थे उनके कार्य ही उनकी पहचान है जो आज के परिपेक्ष में हमें निरन्तर नई प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन रायु स्वयंसेवी कविता पंवार तथा पारस रावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ज्योति, सानिया, प्रीति, आकांक्षा रावत, अभिलाषा, आयुषी नेगी, ऋषभ बिष्ट, अभय, अश्वनी, हिमाँशु आदि उपस्थित रहे।



पौड़ी में आयोजित गोष्ठी में अपने विचार रखते वक्ता।

# लोहाघाट को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया




चम्पावत। नगर पालिका लोहाघाट की ओर से नगर के कई स्थानों पर स्वच्छ सुंदर लोहाघाट के तहत जीरो वेस्ट जागरुकता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान लोगों ने लोहाघाट को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया। सोमवार को पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा और ईओ प्रियंका रैंक्वाल के नेतृत्व में शादी समारोह और माघ खिचड़ी समारोह में लोगों को जागरुक किया। यहां हरीश भट्ट, बृजेश माहरा, अर्जुन ढेक, संदीप वाल्मीकि, भुवन बहादुर, जगदीश गोरखा, सुरेंद्र बिष्ट, अशोक खर्कवाल, पप्पू पाटनी, दीपक जोशी, भास्कर गड़कोटी, सुंदर लुंठी, विलियम, राहुल, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

चम्पावत। नगर कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य विमला सजवान ने कहा की देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है बापु के विचार एवं आदर्श हमें सत्य ओर अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में जंग बहादुर थापा, दिवाकर चंद, अनिल चंद, धर्मेंद्र, सुरेंद्र, दीनानाथ, साकिब, अरुण, गुंजन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को बांटे सेब–आडू के पौधे




काशीपुर। उद्यान विभाग ने ब्लॉक क्षेत्र के करीब 22 ग्रामीणों को सेब और आडू के पौधे निशुल्क बांटे। सोमवार को आत्मा योजना के ब्लॉक इकाई अध्यक्ष मुख्तार सिंह ने जीवन में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ उद्यान अधिकारी शंकरलाल कोहली ने किसानों को आडू, सेब के पौधों को लगाने की विधि समझाई। यहां नेहा वर्मा, नंदन सिंह, चमन सिंह, अजय यादव, हरीश चंद्र, रणजीत सिंह, योगराज सिंह, चित्रा देवी, बलदेव सिंह, प्रेम सिंह, कुलदीप सिंह, बलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरदीप सिंह, राजपाल सिंह, प्रमोद कुमार रहे।

# धारचूला में पुण्यतिथि पर बापू को दी श्रद्धांजलि



पिथौरागढ़। स्वतंत्रता संग्राम के अमरदीप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सोमवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस धारचूला में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन रखा। राम भजन गाते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नंदा बिष्ट, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदेश सचिव नेत्र सिंह कुंवर, पूर्व अध्यक्ष डूंगर सिंह दानू, जवाहर सिंह गर्खाल रूप सिंह दानू, नवीन खर्कवाल, रामू रोकाया, दीपक बिष्ट, जीवन बिष्ट, राजू कुटियाल, सज्जाक खान, गुमान रौतेला, विक्रम पारीख, प्रेम कुमार गर्ब्याल, जसमा गुंज्याल, गूंजी सरपंच लक्ष्मी गुंज्याल, रोंगकांग सरपंच बिंदू रोंकली, ओ पी वर्मा, संजीव साहनी, हरीश सिंह धामी, मीडिया प्रभारी नवनीत जीवन रौतेला आदि मौजूद रहे।

## एसओ ने ली टैक्सी चालकों और व्यापारियों की बैठक

अल्मोड़ा। दन्या के थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने पनुवानौला में व्यापारियों व टैक्सी मालिकों व चालकों की बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को लेकर वाहन चालकों व मालिकों को निर्देशित किया। मकान मालिकों से किरायेदारों के सत्यापन जल्द कराने को कहा। कहा पुलिस से डरें नहीं।

कहा कि क्षेत्र अभी अभी रेग्युलर पुलिस में शामिल हुआ है। टैक्सी चालकों से नियमों का पालन करने की बात कही। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# 1 फरवरी को जनपद के सभी विकास खंडों पर होगी तालाबंदी



सितारगंज:उधमसिंहनगर जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर आंदोलनरत ग्राम प्रधान 1 फरवरी से सभी विकास खंड कार्यालय में तालाबंदी करेंगे। जिला ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश प्रधान संगठन पूर्व में भी कई ज्ञापनो व धरना–प्रदर्शनो के माध्यम से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त में आ रही समस्याओं के संबंध में अपना विरोध दर्ज करा चुका है, इसके बावजूद भी आज दिन तक किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने ग्राम प्रधानों की समस्याओं पर कोई भी सकारात्मक ध्यान नहीं दिया है। अब प्रदेश ग्राम प्रधान संगठन 1 फरवरी को जनपद उधम सिंह नगर के समस्त विकास खंडों में संपूर्ण तालाबंदी करेगा। ग्राम प्रधान संगठन द्वारा चेतावनी दी गई कि ग्राम प्रधानों की मांगों पर इसके बाद भी गौर नहीं किया गया तो प्रदेश व जिला प्रधान संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश व जिला अध्यक्ष भास्कर सम्मल, ग्राम प्रधान लखविंदर सिंह, प्रधान पति पूरन डसीला, रितेश राणा आदि शामिल थे।

# जरूरतमंद रोगियों को कंबल वितरित किए



पिथौरागढ़। सीमांत में बढ़ती ठंड को देखते हुए आल इंडिया सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी ने सरकारी अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद रोगियों को कंबल वितरित किए।

सोसायटी के अध्यक्ष दयानंद भट्ट के नेतृत्व में बीते रोज सदस्य जिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बारी–बारी से रोगियों को कंबल बांटे।

यहां पीडी भट्ट, गिरधर सिंह बिष्ट, पीबी जोशी, डॉ. तारा सिंह, रामसिंह बिष्ट, चंद्रशेखर महर, डीएस भंडारी, धनी राम चन्याल, सुभाष चंद्र जोशी, बुद्धि बल्लभ भट्ट, बीबी उपाध्यय, नरेंद्र गुरंग, आरएस खनका, एससी जोशी, सुभाष चंद्र पांडे, मोहन चंद्र जोशी, एलडी शर्मा, लक्ष्मी दत्त तिवारी, जीबी नगरकोटी, जगदीश थापा, केसी पुनेठा, सुमन गुंज्याल, केएस अधिकारी, पुष्पलता चंद्र, मनीषा चन्याल, दीपिका डीन मौजूद रहे।

## उक्रांद उड़ाएगा नैनी सैनी एयरपोर्ट से कागज के जहाज

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ नैनी सैनी हवाई पट्टी से विमान सेवा शुरू नहीं करने से आक्रोशित उक्रांद ने मंगलवार को यहां एयरपोर्ट से कागज के जहाज उड़ाने का ऐलान किया है। कहा है कि सरकार लगातार सीमांत की जनता के साथ धोखा कर रही है। उसे सबक सिखाने के लिए आंदोलन में इस बार कागज के जहाज उड़ाए जाएंगे। सोमवार को उक्रांद के जिलाध्यक्ष चंद्र शेखर पुनेड़ा ने पार्टी के कार्यक्रम की जानकारी साझा की। कहा कि 31 से सरकार यहां से 20 सीटर विमान से हवाई सेवा शुरू करने का भरोसा दे चुकी थी।

# गांधी ने दुनियां को दिया सत्य अहिंसा का संदेश




चम्पावत। चम्पावत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को याद किया। कार्यकर्ताओं ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। कहा कि बापू ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। सोमवार को पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष पूरन सिंह कठायत के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में महात्मा गांधी के कार्यों को याद किया। बाद में कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर ध्वजारोहण भी किया। यहां जिला महामंत्री निर्मल तड़ागी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बोहरा, नगर अध्यक्ष नीरज वर्मा, मोहन सिंह अधिकारी, अशोक वर्मा, धीरज नेगी, सौरभ साह, जगदीश जोशी, प्रकाश बोहरा मौजूद रहे।

# जायड्स वेलनेस के श्रमिकों ने दिल्ली में दिया धरना




सितारगंज। अवैध बंदी के खिलाफ जायड्स वेलनेस कंपनी का आंदोलन 230 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान सरकार और श्रम विभाग के श्रमिकों ने दिल्ली के संविधान क्लब ऑफ इंडिया पर धरना दिया। साथ ही सरकार और श्रम विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी को गई। सोमवार को जायड्स वेलनेस के श्रमिकों ने कहा कि कंपनी की अवैध रूप से की गई बंदी को सरकार नहीं खोल रही है। कहा कि श्रम विभाग भी नियमों का पालन नहीं करा रहा है। इस दौरान श्रमिकों ने कंपनी की अवैध बंदी खत्म करने की मांग की। श्रमिकों का कहना था कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार कोई निर्णय नहीं ले रही है। कंपनी के श्रमिकों ने सरकार और श्रम विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि मालिकों में अवैध रूप से कंपनी को बंद कर श्रमिकों के हितों से खिलवाड़ किया है। श्रमिकों ने कहा कि बंदी खत्म नहीं होती तो लड़ाई राष्ट्रीय स्तर पर लड़ी जाएगी। इस मौके पर चार श्रम कानूनों को समाप्त करने की मांग की गई। इस मौके पर अध्यक्ष विकास सती, महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, दीपक, पूरन, बची, संदीप, अजय, भाष्कर, हेमंत, आदि मौजूद रहे।

## दस्तावेज गायब होने के आठ माह बाद भी नहीं हुई जांच

काशीपुर। स्थानीय अशासकीय विद्यालय के प्रवक्ता की अलमारी से अनुपस्थिति रजिस्टर समेत अन्य गोपनीय दस्तावेज गायब होने के आठ माह बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले में कार्रवाई के आदेश दिए थे। प्रधानाचार्य की संलिप्तता पर संदेह जताते हुए विद्यालय शिक्षा समिति प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर देकर जांच की मांग की है।

दरअसल, जून 2022 में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पं.जीबी पंत इंटर कॉलेज में मरम्मत कार्य के चलते दस्तावेजों की अल्मारी को दूसरे कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया था। अलमारी से गृहपरीक्षा 2022 के अनुपस्थिति रजिस्टर गायब हो गया। जिसके संबंध में विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने विद्यालय प्रबंधक को पत्र लिखा। बताया कि रजिस्टर में विद्यालय के प्रधानाचार्य के पुत्र कक्षा 11बी के छात्र से संबधित विवरण हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मथुरा से आरोपी दबोचा



सितारगंजः दोस्तों से मिलने मथुरा गई नाबालिक के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। इसके बाद मुंह खोलने पर मोबाइल से फोटो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी की हरकत से परेशान किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मामले का खुलासा हो सका। पुलिस ने प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को उसके घर मथुरा से गिरफ्तार कर लिया।

एसएसआइ विनोद सिंह फत्र्याल ने बताया कि नगर के एक वार्ड निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बहन दोस्तों से मिलने के लिए मथुरा गई थी। जिसके बाद वापस आ गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मथुरा गोविंदनगर थाना क्षेत्र निवासी अंकित तिवारी पुत्र महेश तिवारी ने उसकी नाबालिग बहन के साथ कई बार दुष्कर्म किया। जिसके बाद किशोरी की बड़ी बहन ने आरोपी को समझाने का प्रयास किया।

# प्रश्नपत्र अंग्रेजी में आने से भड़के छात्र



रुद्रपुर। राजकीय महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष का कम्युनिकेशन स्किल का प्रश्न पत्र अंग्रेजी में होने पर छात्र संघ के पदाधिकारियों ने विरोध किया। सोमवार को उन्होंने प्राचार्य और परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। कहा कि पेपर अंग्रेजी में आने से हिंदी मीडियम के विद्यार्थियों को बहुत कठिनाई हुई है। इस दौरान उन्होंने परीक्षा नियंत्रक से परीक्षा को हिंदी व अंग्रेजी में दोबारा कराने की मांग की। यहां छात्र नेता दीपक मंडेला व अन्य पदाधिकारी रहे।

# अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने सुनी समस्याएं




सितारगंज । अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह ने विकास खण्ड सभागार में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए संचालित केंद्रीय व राज्य स्तरीय योजनाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि किसी भी विभाग को योजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बन्धित कोई भी समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराये ताकि समय रहते समस्या का समाधान कर योजनाओं से पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सकें।

उन्होने कहा कि जनता की भलाई के लिये सभी को व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करना चाहिये। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अल्पसंख्यक से सम्बन्धित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक में सर्वाधिक शिक्षा विभाग, आय प्रमाण पत्र, बाल विकास विभाग के अन्तर्गत आंगनवाड़ी भवन निर्माण, समाज कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास आदि से सम्बन्धित समस्याए प्रमुखता से सामने आयी। बैठक में डेरी विभाग, लीड बैंक, पंचायतीराज, उद्यान, विद्युत विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे। जिस पर उपाध्यक्ष ने कहा कि आयोग द्वारा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टिकरण लिया जायेगा। इस दौरान उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन भास्कर सम्भल, सदस्य तसलीम अहमद, तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी, सीओ ओम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी सीआर आर्य, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत, श्रम अधिकारी मीनाक्षी भट्ट, ग्राम प्रधान समर सिंह, सीडीपीओ डॉ मंजूलता यादव आदि उपस्थित थें।

# जनता दरबारः सीडीओ ने किया आठ शिकायतों का समाधान

नई टिहरी। सीडीओ मनीष कुमार ने जनता दरबार में आम लोगों की आठ शिकायतों का निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को जनता की शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश दिए। सीडीओ अनुपस्थित ईई जल निगम टिहरी और जल संस्थान के स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए। जबकि उप राजस्व अधिकारी सिंचाई खंड पुर्नवास से लोगों को भ्रमित करने के मामले में जबाब तलब किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार में ग्राम कोटीखास निवासी रामचन्द्र ने अनुसूचित ग्राम चैंरियाधार में पेयजल लाइन निर्माण में अवरोध उत्पन्न किए जाने की शिकायत की। जिस पर सीडीओ ने एसई जल निगम टिहरी को प्रकरण पर नियमानुसार जांच कर यथोचित विधिसम्मत कार्यवाही कर एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कुलणा निवासी प्रेम दत्त डोभाल ने पुर्नवास के तहत अवशेष भूमि के बदले भूमि आंवटन किए जाने का अनुरोध किया। जिस पर ईई पुर्नवास को स्थलीय जांच कर मय अभिलेख व अभिमत प्रत्येक दशा में 5 फरवरी तक स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराने को निर्देश दिए। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप चन्द्र सूर्या मणिक ग्राम जोगथ बिचला उत्तरकाशी ने अप्रैल 2022 में ग्राम रैलाकोट के पात्र विस्थापितों के लाटरी प्रक्रिया में आवासीय एवं कृषि भूखण्ड में हुई लापरवाही के चलते लाटरी प्रक्रिया पुनः करवाने तथा स्व शिवदास के नाम दर्ज खसरा नंबर 4704 में आवासीय 2 कमरों का भवन का मुआवजा स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया। लाटरी प्रक्रिया प्रकरण पर ईई पुर्नवास को स्पष्ट जांच कर जांच आख्या देने को कहा। चंबा निवासी धनवीर पंवार ने ब्लॉक रोड चम्बा ने जिला पंचायत में संचालित दुकान को खाली करने के आदेश पर चम्बा नगर क्षेत्र में अन्यत्र स्टाल लगवाने का अनुरोध किया। प्रधानाचार्य भागीरथी उमाविद्या मंदिर कण्डीसौड़ ने विद्यालय भूमि पर अतिक्रमण कर सुरक्षा दीवार को तोड़कर रास्ता बनाए जाने की शिकायत की। देवचन्द्र पुरषोड़ा ग्राम सुनार गांव ने एनएच के मलबे से निजी गूल को क्षति होने के चलते मूल्यांकन करने का अनुरोध किया। जिन पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

### 48वें दिन भी जारी रहा ग्रामीणों का धरना

नई टिहरी। पूर्ण विस्थापन की मांग को लेकर बांध प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों की पुर्नवास संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना 48वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों की मांग पर कोई सुनवाई न होने से ग्रामीणों में भारी रोष बना है। ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने कहा कि ग्रामीण बीते कई दिनों से विस्थापन की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन शासन प्रशासन की ओर से उनकी मांग पर कोई सकारात्क कार्यवाही नहीं हो पाई है। कहा ग्रामीणों ने देश हित में अपनी पैतृक भूमि का बलिदान दिया है, लेकिन आज ग्रामीण दर–दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। कहा कि भागीरथी और भिलंगना घाटी में तल्ला उप्पू ऐसा गांव है, जिसके संपूर्ण उपजाऊ भूमि टिहरी बांध की झील में डूब चुकी है। जिसके बाद ग्रामीणों के पास खेती के लिए जमीन नहीं बची।

# विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन



चमोली। विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस पर जिला चिकित्सालय सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान कहा कि गांवों में अभी भी कुष्ठ रोगी होंगे लेकिन समाज के डर से अपनी बीमारी को छुपा देते हैं आशाओं के माध्यम से गांवों में कुष्ठ रोगियों को चिन्हित किया जाए और कुष्ठ रोग के इलाज के कोर्स के बारे में जानकारी दी जाए।

गोष्ठी में एसीएमओ डॉक्टर बीपी सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोग एक साधारण बीमारी है। जो नियमित उपचार से ठीक हो सकती है। कुष्ठ रोग के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवा कई दवाओं का मिश्रण है। जिसे बहु औषधि उपचार एमडीटी कहते है। कुष्ठ रोग का उपचार 6 से 12 महीने तक होता है। एमडीटी की दवा हर अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम में उदय सिंह रावत ने बताया कि यह बीमारी वंशानुगत नहीं है।ना किसी पाप या श्राप के कारण होती है। कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों को उपेक्षित न समझें उन्हें सम्मान दें।

# ग्राम प्रधानों ने की एनएमएमएस को जल्द समाप्त करने मांग

नई टिहरी। मनरेगा योजना में नेशनल मोबाइल मानीटिरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) को लागू किए जाने का ग्राम प्रधान संगठन ने विरोध किया है। भिलंगना के ब्लॉक के ग्राम प्रधानों ने रोष जताते हुए एनएमएमएस को जल्द समाप्त करने मांग उठाई है। सोमवार को भिलंगना के ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय दफ्तर में एनएमएमएस के विरोध में तालाबंदी कर उक्त लागू प्रक्रिया को तल्काल वापस लेने की मांग की है।

कहा कि जल्द उनकी मांग पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है, तो ग्राम प्रधान सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे। प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय में नारेबाजी करते हुए दफ्तर के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर धरना दिया। प्रधान संगठन अध्यक्ष ने कहा कि एक जनवरी 2023 से मनरेगा श्रमिकों की हाजरी एनएमएमएस के माध्यम से लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। कहा कि पहाड़ की भौगोलिक परिस्थिति के कारण के कई गांवों में मोबाइल कनेक्टीविटी नहीं होने से श्रमिकों की उपस्थिति नहीं लग पा रही है। साथ ही ग्राम प्रधानों और कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मनरेगा श्रमिकों की हाजरी पूर्व की भांति यथावत रखने की मांग की है। कहा कि जल्द उक्त व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है तो ग्राम प्रधान सामूहिक रुप से इस्तीफा को बाध्य होंगे।

उधर, दूसरी ओर देवप्रयाग ब्लॉक में केंद्रीय एंव राज्य वित्त में आ रही दिक्कतों का समाधान न होने पर ग्राम प्रधानों ने एक फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी है। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह चौहान ने बताया कि पूर्व में दिए गए ज्ञापनों के माध्यम से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, केंद्रीय एंव राज्य वित्त में आ रही दिक्कतों में शासन प्रशासन से समाधान की मांग की गई थी, लेकिन मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पाई है। बताया कि विरोध में ग्राम प्रधान संगठन एक फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय दफ्तरों में तालाबन्दी करेंगे। उसके बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो ग्राम प्रधान आन्दोलन के लिए बाध्य होगें।

प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान यशवंत गुसाईं, किशन सिंह, ममता देवी, मीणा देवी, बुद्धि देवी, प्रदीप पंवार, विजय जोशी, अमर सिंह राणा, प्रमोद प्रसाद, सविता मैठाणी, कंचन देवी, जयवीर सिंह, सनोप सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

### जनसुनवाई में 15 शिकायतें दर्ज

रुड़की। रामपुर चुंगी मंडी से ग्राम नागल होते हुए पिरान कलियर तक दो किमी बाईपास सड़क और तीन सौ मीटर पुल का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए भूमि का अधिग्रहण होना है। भूमि अधिग्रहण से पहले जनसुनाई हुई। ईओ नगर पंचायत रामपुर कार्यालय में जनसुनवाई में कुल 15 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज की। शिकायतकर्ता तालिब हसन का कहना है कि उनकी भूमि आबादी की भूमि है। जबकि उन्हें मुआवजा खेती की भूमि के हिसाब से देने की बात कही जा रही है। इसलिए जब तक वाजिब मुआवजा नहीं मिलता तब तक अपनी भूमि सड़क निर्माण के लिए नहीं देंगे। इसके बाद मोहम्मद आलम, जुल्फिक्कार, शाहनवाज आदि ने कहा कि किसानों को खेत तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए रोड के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण भी होना चाहिए।

# किलिमंजारो की चोटी पर रोहित ने फहराया तिरंगा

नई टिहरी। पर्वतारोही रोहित ने दक्षिण अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी पर किलिमंजारो पर तिरंगा फहराकर नया कीर्तिमान रचा है। नेपाल सरकार की ओर से आगामी मार्च माह में एवरेस्ट चोटी को फतेह करने के लिये रोहित का चयन किया गया है।

टिहरी जिले के पौखाल मगरौ गांव निवासी पर्वतारोही रोहित भट्ट के पिता जगदंबा प्रसाद भट्ट ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये बताया कि उनके बेटे ने बीते रोज रविवार को उन्हें फोन कर किलिमंजारो चोटी फतेह करने की सूचना दी है। बताया रोहित बीते 14 जनवरी को 5895 मीटर ऊंची किलिमंजारो को फतह करने निकले थे। 25 जनवरी की सुबह रोहित ने किलिमंजारो के लिये चढ़ाई शुरु की और 28 जनवरी की सुबह छह बजे रोहित ने तिरंगा फहराकर इस चोटी को फतह किया। जगदंबा भट्ट ने बताया नेपाल सरकार की ओर से रोहित का चयन एवरेस्ट फतेह के लिये किया गया है, उन्हें विश्वास है कि वह एवरेस्ट की चोटी फतेह कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेगा। कहा परिवार आर्थिक स्थित अच्छी नहीं होने के कारण रोहित को पर्वतारोहण में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है, सरकार या अन्य लोगों की ओर से उन्हें आर्थिक मद्द मिले तो वह पर्वतारोहण के क्षेत्र में रोहित नए आयाम स्थापित करेगा।

**रोहित ने फहराया 361 फिट का तिरंगा**

रोहित ने किलिमंजारो की चोटी पर 361 फिट का तिरंगा फहराया। साथ ही उत्तरकाशी के द्रोपदी डांडा हादसे में मारे गये अपने साथियों के फोटो लगे बैनर को भी किलिमंजारो की चोटी पर फहराकर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। मगरौ के ग्राम प्रधान राम प्रकाश राणा ने रोहित के लिये केंद्र और प्रदेश सरकार आर्थिक मदद की मांग की है। मौके पर महिपाल सिंह नेगी, लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, दिवान सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।

### आध्यत्मिक कार्यक्रम का आयोजन

नई टिहरी। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नई टिहरी बौराड़ी की ओर से बुधवार को सृष्टि चक्र के पांच हजार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महाशिवरात्रि पर्व पर एक आध्यत्मिक कार्यक्रम का आयोजन जा रहा है।

# गोवंश के अवशेष बरामद, 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत घमोलो खुशालपुर गांव में गोवंश अवशेष मिलने पर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर दस लोगों के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम और पशुक्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। रविवार को पशु क्रूरता निवारण समिति की सदस्य रुबिना नितिन अयर पत्नी नितिन अयर निवासी प्रगति विहार सेलाकुई ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की। इसमें बताया कि घमोलो खुशालपुर में कुछ लोगों ने गोवंश की हत्या की है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गये। मौके पर पुलिस ने गोवंश के अवशेष बरामद किये। पशु चिकित्सक ने जांच पड़ताल में अवशेष गोवंश के बताये, जिस पर सहसपुर पुलिस ने दस लोगों सरबर पुत्र ईनाम, मुंतजीर पुत्र जमील, शोएब पुत्र मसरूफ उर्फ काला, साजिद पुत्र हाफिज, दिलशाद पुत्र जिंदा हसन, फैजान पुत्र इकबाल, मुदस्सिर पुत्र इमरान, आमिर पुत्र सुलेमान, मुदस्सिर पुत्र असलम, गुलबहार पुत्र यामिन सभी निवासीगण खुशालपुर के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम और पशुक्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर दिया है। थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही हैं।

### दिव्यांग सेवा केंद्र आज से होगा शुरू

हरिद्वार। संस्था समदृष्टि ,समता विकास, अनुसंधान मंडल के तत्वावधान में देशभर के 10 राज्यों में दिव्यांग सेवा केंद्र शुरू किए गए हैं।

उत्तराखंड का दिव्यांग सेवा केंद्र हरिद्वार बहादराबाद स्थित जमालपुर कला में मंगलवार से प्रारंभ होगा। प्रदेश अध्यक्ष ललित पंत ने बताया कि समदृष्टि, क्षमता विकास ,अनुसंधान मंडल (सक्षम ) दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाली संस्था है। जिसके तत्वावधान में विगत हरिद्वार कुंभ में नेत्र कुंभ का आयोजन किया गया था। जमालपुर कला के दयाल एंक्लेव कॉलोनी में दिव्यांग सेवा केंद्र आज से प्रारंभ होने जा रहा है।

# चकराता की उंची चोटियां बर्फ से लकदक, पारा गिरा



विकासनगर। चकराता की उंची पहाड़ियों पर देर रात सीजन की चौथी बर्फबारी हुई। इससे पूरे क्षेत्र में एक बार फिर पर्यटकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। हालांकि चकराता बाजार में बर्फबारी नहीं होने से स्थानीय व्यापारी मायूस नजर आए। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में चटक धूप खिली थी। इससे लोगों को ठंड से कुछ निजात मिली हुई थी लेकिन रविवार शाम हुई बर्फबारी से पूरा क्षेत्र सर्दी की चपेट में है। रविवार को पूरा दिन आसमान में घने बादल छाए रहे, लेकिन शाम छह बजे से शुरू हुई। बारिश के बाद उंची चोटियों पर बर्फबारी शुरू हुई, जो रुक रुक कर सुबह तक चलती रही। वहीं चकराता बाजार में हल्की बर्फ की फुहारें पड़ी, जो सुबह होते ही पिघल गयी। क्षेत्र की उंची चोटियों देवबन, लोखंडी, लोहारी, जाड़ी, खडंबा, व्यास शिखर, मुंडाली, चोरानी, कथियान, मोयला टॉप, आदि जगहों पर एक से डेढ़ फीट तक बर्फबारी हुई है। चकराता छावनी और उससे निचले इलाकों में कम बर्फ पड़ने से लोग निराश नजर आ रहे हैं। उधर बर्फबारी के चलते पूरा क्षेत्र कड़ाके की सर्दी की चपेट में है। सोमवार को चकराता का अधिकतम पारा भी गिरकर चार डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग द्वारा जारी बर्फबारी के अलर्ट के बाद रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटकों ने चकराता का रुख किया। देर शाम क्षेत्र के अधिकांश होटल पर्यटकों से फुल हो गए थे। सोमवार सुबह जब लोगों की आंख खुली तो चकराता बाजार से दिखने वाली क्षेत्र की उंची चोटियां बर्फ से लकदक नजर आई, जिससे पर्यटकों में खुशी की लहर दिखी। लोगों ने बर्फबारी के नजारों को अपने कैमरों में कैद किया और बर्फबारी का आनंद लिया। वहीं बर्फबारी फसल के लिए भी वरदान साबित होगी। साथ ही प्राकृतिक स्त्रोतों पर पेयजल के लिए निर्भर गांवों और कस्बों को भी इसका लाभ होगा। अच्छी बर्फबारी होने से किसानो व बागवानों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

# अनापत्ति निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन




बागेश्वर। खड़िया खनन पट्टाधारक द्वारा ग्रामीणों की शर्त का पालन नहीं करने पर तिलाड़ी के ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। नाराज ग्रामीणों ने अनापत्ति निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी से अनापत्ति निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह दो बार पहले भी मांग कर चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। तिलाड़ी के ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे और यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। ग्रामीणें का कहना है कि उन्होंने खड़िया पट्टाधारक को शर्तों के आधार पर अनापत्ति दी थी। लेकिन पट्टाधारक द्वारा शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसकी शिकायत उन्होंने 26 अगस्त 2022 तथा 16 नवंबर को की थी। इसके बाद भी उनकी समस्या नहीं सुनी जा रही है। पट्टाधारक ने ग्रामीणों का रोजगार भी समाप्त कर दिया है। किसानों के बच्चे बेरोजगार हो रहे हैं। अब पट्टाधारक उनका उत्पीड़नि कर रहा है। बगैर उन्हें विश्वास में लिए सीमांकन भी किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी ने अनापत्ति निरस्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में जोगा राम, मंजू देवी, गोविंद कुमार, ठाकुर प्रसाद, बसंती देवी, इंदिरा देवी आदि शामिल हैं।

### 40 अवैध कनैक्शन धारकों को नोटिस

रुड़की। गंगा अनुरक्षण यूनिट ने सीवर लाइन के अवैध कनेक्शनों के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने स्टेट बैंक कॉलोनी में चालीस अवैध कनैक्शन धारकों को नोटिस जारी किए। लोगो ने मौके पर ही सीवर कनेक्शन कराने का आवेदन दिया। टीम जगह जगह सीवर कनेक्शन की जांच कर रही है। प्रहले चरण मे नोटिस जारी किए गए हैं। एक सप्ताह मे फीस जमा ना करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सीवर इंचार्ज चौधरी चरण सिंह ने कहा अवैध कनेक्शनधारको पर कार्रवाई की जाएगी।

सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने बताया जिन लोगों के सीवर कनेक्शन नगर निगम कार्यलय या खंजरपुर रोड कार्यालय में रजिस्टर्ड नहीं हुए हैं वह कनेक्शन शुल्क तत्काल जमा कराएं।

# कांग्रेस ने लगाया भाजपा अध्यक्ष पर राज्य का माहौल बिगाड़ने का आरोप

देहरादून। कांग्रेस ने भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पर राज्य का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसोनी ने बयान को जहर घोलने वाला बताया। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष का बयान है कि जोशीमठ में माओवादी सक्रिय हैं। यदि सामरिक दृष्टि से राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर बहुत ही महत्वपूर्ण जोशीमठ में माओवादी ताकतें सक्रिय हैं और भाजपा अध्यक्ष के पास इसके पुख्ता सबूत हैं, तो ये राज्य सरकार की ही विफलता है। क्यों अभी तक राज्य सरकार ने इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे साफ है कि राज्य सरकार को इनपुट देने वाली तमाम खुफिया एजेंसियां बेकार साबित हुई हैं। भाजपा अध्यक्ष ने अपनी ही सरकार पर बहुत सारे प्रश्न खड़े कर दिए हैं। कहा कि भाजपा अध्यक्ष ने अपने बयान से कुछ ही दिनों में होने वाली चार धाम यात्रा को भी बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है। असुरक्षित उत्तराखंड का संदेश देश और दुनिया में देने का काम किया है। कहा कि आज जोशीमठ का जो हाल है, उसमें बहुत बड़ा हाथ तत्कालीन स्थानीय विधायक होने के नाते महेंद्र भट्ट का भी है। रैणी आपदा के बाद से ही जोशीमठ के स्थानीय लोग लगातार घर में दरारें आने की बात कह रहे थे। उसके बाद भी समय रहते जोशीमठ के लिए कुछ नहीं किया गया। अब उत्तराखंड को शर्मसार करने वाला बयान देकर अपनी ही सरकार पर सवाल उठा दिया है। कहा कि जो लोग जोशीमठ की सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं, वह कोई खुशी से ऐसा नहीं कर रहे हैं। बल्कि राहत कार्यों से असंतुष्ट होकर विरोध जता रहे हैं। कहा कि भाजपा अध्यक्ष को वामपंथ और माओवादियों में फर्क समझ में नहीं आता। हर वामपंथी देशद्रोही नहीं होता, यह बात संघी मानसिकता के लोगों को समझ में नहीं आती।

### आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने गश्त के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कोतवाली क्षेत्र में गांव हरजौली जट्ट में रविदास मंदिर के पास पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ओम सिंह निवासी हरजौली जट्ट बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# घर का ताला खुलवाकर बुजुर्ग पिता को दिलाया कब्जा

हरिद्वार। हरिद्वार में एसडीएम कोर्ट के आदेश पर नायब तहसीलदार मधुकर जैन के साथ प्रशासन और पुलिस टीम ने बुजुर्ग को बहादराबाद में बंद मकान का ताला खुलवाकर कब्जा दिला दिया। एसडीएम कोर्ट के आदेश के बाद भी बेटे ने पिता को मकान पर कब्जा नहीं दिया था। जिसके बाद एसडीएम पूरण सिंह राणा ने नायब तहसीलदार को पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर कब्जा दिलाने के आदेश दिए थे।

पुलिस–प्रशासन की टीम ने बुजुर्ग रमेशचंद जायसवाल को मकान पर कब्जा दिलाया। रमेशचंद ने माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत एसडीएम कोर्ट में गुहार लगा कर बताया था कि बेटे पंकज जायसवाल ने उसे मकान से निकाल दिया है। मकान रमेशचंद के नाम है। मामले की सुनवाई करते हुए नवंबर माह में एसडीएम ने बेटे को मकान सहित विभिन्न संत्तियों से बेदखल कर दिया था। रमेशचंद को मकान का कब्जा देने के आदेश दिए थे। आदेश के बावजूद रमेशचंद को कब्जा न मिलने पर, एसडीएम ने नायब तहसीलदार को कब्जा दिलाने के आदेश दिए। ताला खुलवाकर मकान पर बुजुर्ग को कब्जा दिला दिया गया।

बुजुर्ग लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस क्रम में नायब तहसीलदार और पुलिस की टीम को मकान पर कब्जा दिलाने के आदेश दिए गए थे। बुजुर्ग रमेशचंद को मकान पर कब्जा दिला दिया गया है। –पूरण सिंह राणा, एसडीएम।

### कार्यबहिष्कार को लेकर तैयार की रूपरेखा

काशीपुर। परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने बैठक कर 31 जनवरी की मध्यरात्रि से होने वाले कार्यबहिष्कार को लेकर चर्चा व रूपरेखा भी तैयार की। सोमवार को संयोजक अनवर कमाल ने कहा संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर डिपो के सभी कर्मचारी 31 जनवरी की मध्य रात्रि से शांतिपूर्वक कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। कहा उन्होंने एआरएम को कार्यबहिष्कार के संबंध में पत्र भी दिया है। उन्होंने कहा कार्यबहिष्कार के दौरान किसी कर्मचारी, पदाधिकारी व सदस्यों के विरुद्ध कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्यवाही या जोर जबरदस्ती की जाती है, त

# हरदा ने की जोशीमठ के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करने की मांग



देहरादून। पूर्व सीएम हरीश रावत ने केंद्रीय बजट में जोशीमठ के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करने की मांग की। कहा कि उत्तराखंड में जल विद्युत की योजनाएं संदेह के घेरे में हैं। राज्य के पास सीमित विकल्प हैं। ऐसे में राज्य को ग्रीन बोनस पैकेज दिया जाए। पूर्व सीएम ने कहा कि जोशीमठ के पुर्नविस्थापन को केंद्रीय सहायता का पैकेज बजट में मंजूर किया जाए। जोशीमठ सहित 400 से अधिक आपदा प्रभावित गांव और क्षेत्रों के लिए तत्काल केंद्रीय सहायता का पैकेज दिया जाए। उत्तराखंड पूरे देश को पर्यावरण सुरक्षा कवच देता है। इसके लिए वाटर बोनस और ऑक्सीजन बोनस का पैकेज दिया जाए। जीएसटी से हुए नुकसान की भरपाई का पैकेज दिया जाए। प्रधानमंत्री सड़क योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाए। उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन बनाने के लिए जनसंख्या के दायरे में छूट दी जाए। पर्यटन के लिए कोई ठोस नीतिगत निर्णय लिए जाएं। आयकर का दायरा बढ़ाया जाए। आम लोगों को महंगाई से बचाने को ठोस निर्णय लिए जाएं। महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने को कोई नई केंद्रीय योजना लाई जाए। सीमांत क्षेत्रों के विकास का कोई ठोस निर्णय लिया जाए। उत्तराखंड को छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए भी राहत का पैकेज दिया जाए। किसानों की आमदनी दोगुनी करने के साथ साथ खेती किसानी को जीवित करने का निर्णय लिया जाए। उत्तराखंड की फ्लोटिंग जनसंख्या के लिए आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए विशेष पैकेज दिया जाए।

## सम्पादकीय

# देश की गरिमा से खिलवाड़

हमारे देश की ऐसी कई विधाएं हैं जो देश की गरिमा को प्रदर्शित करती हैं। इसमें देश के ऐतिहासिक स्थलों से लेकर महापुरुषों के पुतले भी शामिल है तो वही देश का राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान देश के प्रति जन भावनाओं को प्रदर्शित करने का सबसे सहज तरीका है। बात करें राष्ट्रगान की तो इससे बड़ा सम्मान और राष्ट्रगान के लिए आदर प्रदर्शित करना हर भारतीय का कर्तव्य ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। मेरठ में गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रगान के दौरान एक युवक ने जिस प्रकार से अपनी वित मानसिकता का परिचय देते हुए सड़क छाप नृत्य किया वह बेहद निंदनीय है। युवक का राष्ट्रगान के दौरान नृत्य करने वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर उसी के मित्रों ने वायरल किया तो कुछ ही देर में मेरठ में हंगामा मच गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अदनान नाम के इस युवक को खोज निकाला और विभिन्न धाराओं के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रश्न यह उठता है कि क्या यह करना जरूरी था। कैसी विडंबना है कि इस स्वाधीन देश में राष्ट्रगान का सम्मान कराने के लिए सरकार को कितने प्रयास करने पड़ते हैं। समारोह तो छोड़िए कई बार ऐसे मौके भी देखने को मिले जब सदनों में ही नेतागण राष्ट्रगान पर खड़े नहीं हुए। क्या राष्ट्रगान का हमारे देश में कोई सम्मान नहीं? आखिर ऐसी परिस्थितियों को क्यों उत्पन्न होती है? असल में देश की संप्रभुता एवं गरिमा के लिए यदि भारत के आजाद होने के बाद से ही सख्त कदम उठाए जाते तो क्या मजाल थी कि राष्ट्रगान या राष्ट्रध्वज का अपमान करने जैसे मामले हमारे सामने आते। निश्चित तौर पर इस प्रकार की हरकतें करने वाले मानसिक विति का शिकार है और कहीं ना कहीं सिकरा प्रस्तुत आंकड़ों के प्रभाव में हो सकते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार का यह दायित्व बनता है कि वह अब इस प्रकार की घटनाओं को राजनीति से परे रख देश की गरिमा और सम्मान से जोड़ कर देखें। देश की गरिमा के साथ मजाक और अपमान करने का यह क्रम अब थमना चाहिए। हर भारतीय नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह देश के सम्मान चिन्ह एवं अन्य विषयों के प्रति सतर्क रहें वह जो भी इनका अपमान करता है उनके खिलाफ तत्काल आवाज उठाएं। गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रगान का अपमान करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है लेकिन अब वक्त आ गया है कि सजा की नजीर ऐसी होनी चाहिए जो आने वाले इस प्रकार की वित मानसिकता वाले लोगों पर गहरा असर छोड़े। इस प्रकार के मामलों में सरकार को और अधिक सख्त कानून बनाने की जरूरत है खासतौर से राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रगान के अपमान को लेकर ऐसा करने वालों के खिलाफ देशद्रोह कानून के तहत भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# जोशीमठ में त्रासदी - कौन जिम्मेदार

**भूगर्भ विज्ञानियों के अनुसार हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओ का निर्माण भारतीय भूखण्ड के यूरेशियाई भूखण्ड से टकराने के परिणाम से हुआ है। भूगर्भ विज्ञानी मानते हैं कि भारतीय भूखण्ड आज भी सतत रूप से उत्तर-पूर्व की दिशा में धीरे-धीरे खिसक रहा है जिस कारण हिमालय की चट्टानें दबाव की स्थिति में बनी हुई हैं। चट्टानों में संचित यह ऊर्जा जब अवमुक्त होती है तो भूकम्प आता है। विगत दो शताब्दियों से 8.0 परिणाम से अधिक का भूकम्प इस क्षेत्र में नहीं आया है जिस कारण भूगर्भ में बड़ी मात्रा में संचित ऊर्जा अवमुक्त नहीं हो पायी है और इससे भविष्य में यहां भूकम्प की संवेदनशीलता अत्यधिक बढने की आशंका है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य अपनी पारिस्थितिकी के नुकसान के कारण अपरिवर्तनीय क्षय के चरण में प्रवेश कर रहे हैं और यहां भूस्खलन की लगातार घटनाएं अपरिहार्य बन सकती हैं। इस पहल से, हिन्दूकुश हिमालय क्षेत्र और इसकी पर्वत श्रृंखला में स्थित इन पांचों देशों के अलावा चीन, म्यांमार एवं अफगानिस्तान में भी लोगों की आजीविका व कल्याण सकारात्मक रूप में प्रभावित होने की उम्मीद है। इसे तीसरे ध्रुव के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि इसमें ध्रुवीय चोटी क्षेत्र से इतर, दुनिया में सबसे बड़े हिम आवरण, हिमनद के बाहर पर्माफस्ट स्थित हैं।**

**अजय दीक्षित**

उत्तराखण्ड के जोशीमठ में हजारों मकानों में दरारों की प्रातिक आपदा के लिए प्रति कम और शासन तंत्र ज्यादा जिम्मेदार है। प्रति से खिलवाड़ करने के प्रति आंखें मूंदे रखने वाले नाकारा तंत्र को यदि सजा का प्रावधान नहीं किया गया तो प्रति इसी तरह सजा देती रहेगी जिसका खामियाजा आम लोग भुगतते रहेंगे। जोशीमठ में कुल 4500 इमारतें हैं और इनमें से 610 मैं बड़ी दरारें आ गई हैं, जिससे वे रहने लायक नहीं रह गई हैं। वर्ष 2006 की एक वैज्ञानिक रिपोर्ट में भी कहा गया था कि जोशीमठ प्रति वर्ष एक सेंटीमीटर धंस रहा है। उस वक्त यदि इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण और भूगर्भ संबंधी खतरों को टालने की कवायद के गंभीर प्रयास किए गए होते तो शायद बर्बादी की यह नौबत नहीं आती। दरअसल जोशीमठ में भू- धसाव के पीटे अनियंत्रित निर्माण भी जिम्मेदार माना जा रहा है। बेतरतीब और अनियोजित निर्माण का जो दंश आज जोशीमठ झेल रहा है, उत्तराखंड में पहाड़ के हर छोटे-बड़े शहरों की कहानी कमोबेश जोशीमठ जैसी ही है। पर्यावरण और भूगर्भ विशेषज्ञ सालों पहले ही हिमालय क्षेत्र में बसे पहाड़ी राज्यों में भूकम्प सहित दूसरी तरह की प्रातिक आपदाओं की चेतावनी दे चुके हैं। इसके बावजूद वोटों की राजनीति के डर से राज्यों और केन्द्र सरकार ने इसकी (रोकथाम के उपाय करने के लिए कठोर कदम नहीं उठाये । इसकी कीमत पूर्व में हजारों लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। उत्तराखण्ड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग और विश्व बैंक ने वर्ष 2018 में एक अध्ययन करवाया था। इस अध्ययन के अनुसार इस राज्य में 6300 से अधिक स्थान भूस्खलन जोन के रूप में चिन्हित किये गये । एक संबंधित रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य में चल रही हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं पहाड़ों को काट कर या फिर जंगलों को उजाड़ कर बन रही हैं और इसी कारण से भूस्खलन जोन की संख्या बढ़ रही है। अगस्त 2022 से उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार जोशीमठ के धंसने में भूगर्भीय कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अत्यधिक मौसम की घटनाओं जैसे भारी वर्षा और बाढ़ ने भी जोशीमठ के धंसने में योगदान दिया है। जून 2013 और फरवरी 2021 की बाढ़ की घटनाओं से भी क्षेत्र में जमीन धंसने का खतरा बढ़ा है। गढ़वाल आयुक्त महेश चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में एक पैनल ने 1978 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें कहा गया था कि शहर, नीती और माणा घाटियों में बड़े निर्माण कार्य नहीं 4 किए जाने चाहिए क्योंकि ये क्षेत्र मोरेन पर स्थित हैं। मोरेन यानी चट्टानों, तलछट और चट्टानों का ढेर । जोशीमठ, हेम, अर्नोल्ड और अगस्त गैंसर की पुस्तक सेंट्रल हिमालय के अनुसार भूस्खलन के मलबे पर बनाया गया है। 1971 में कुछ घरों ने दरारों की सूचना दी थी जिससे एक रिपोर्ट मिली जिसमें कुछ उपायों की सिफारिश की गई थी। जिसमें मौजूदा पेड़ों के संरक्षण और अधिक पेड़ों के रोपण के साथ-साथ उन शिलाखंडों का संरक्षण भी शामिल हैं जिन पर शहर बना है। हालांकि ऐसे दावे हैं कि इन उपायों को कभी लागू नहीं किया गया। इतना ही नहीं भूकम्प की दृष्टि से उत्तराखण्ड अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। इसका अधिकांश भाग हिमालय भूभाग में स्थित होने के कारण यहां भूकम्प की आशंका प्रबल वर्न रहती है। भूगर्भ विज्ञानियों के अनुसार हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओ का निर्माण भारतीय भूखण्ड के यूरेशियाई भूखण्ड से टकराने के परिणाम से हुआ है। भूगर्भ विज्ञानी मानते हैं कि भारतीय





भूखण्ड आज भी सतत रूप से उत्तर-पूर्व की दिशा में धीरे-धीरे खिसक रहा है जिस कारण हिमालय की चट्टानें दबाव की स्थिति में बनी हुई हैं।

चट्टानों में संचित यह ऊर्जा जब अवमुक्त होती है तो भूकम्प आता है। विगत दो शताब्दियों से 8.0 परिणाम से अधिक का भूकम्प इस क्षेत्र में नहीं आया है जिस कारण भूगर्भ में बड़ी मात्रा में संचित ऊर्जा अवमुक्त नहीं हो पायी है और इससे भविष्य में यहां भूकम्प की संवेदनशीलता अत्यधिक बढने की आशंका है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य अपनी पारिस्थितिकी के नुकसान के कारण अपरिवर्तनीय क्षय के चरण में प्रवेश कर रहे हैं और यहां भूस्खलन की लगातार घटनाएं अपरिहार्य बन सकती हैं। इस पहल से, हिन्दूकुश हिमालय क्षेत्र और इसकी पर्वत श्रृंखला में स्थित इन पांचों देशों के अलावा चीन, म्यांमार एवं अफगानिस्तान में भी लोगों की आजीविका व कल्याण सकारात्मक रूप में प्रभावित होने की उम्मीद है। इसे तीसरे ध्रुव के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि इसमें ध्रुवीय चोटी क्षेत्र से इतर, दुनिया में सबसे बड़े हिम आवरण, हिमनद के बाहर पर्माफस्ट स्थित हैं। नेपाल में स्थित एक अंतर-सरकारी ज्ञान एवं शिक्षण केन्द्र, इंटरनेशनल सेंटर फर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट द्वारा किए गए एक आकलन के अनुसार पहले से ही जलवायु परिवर्तन से गम्भीर रूप से प्रभावित हिन्दूकुश हिमालय क्षेत्र का तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर के मुकाबले वर्ष 2100 तक पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। हिमालय से निकलने वाली 60 प्रतिशत जलधाराओं में दिनोंदिन पानी की मात्रा कम हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग के असर से हिमालय के ग्लेशियर पिघलने की चेतावनी पर्यावरण विशेषज्ञ पहले कई बार दे चुके हैं। नदियों में पानी बढ़ेगा और उसके परिणामस्वरूप कई नगर-गांव जलमग्न हो जाएंगे। वहीं धरती के बढ़ते तापमान को थामने वाली छतरी के नष्ट होने से भयानक सूखा, बाढ़ व गरमी पड़ेगी ।

# इन 5 आयुर्वेदिक उत्पादों का रोजाना करें इस्तेमाल, घर पर बनाना है बेहद आसान

आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी स्वास्थ्य चिकित्सक पद्धतियों में से एक है, जिसकी उत्पत्ति लगभग 5,000 साल पहले भारत में हुई थी। आज भी जब अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करने की बात आती है तो यह कई रासायनिक आधारित उत्पादों को टक्कर देने में सक्षम है। आइए आज घर पर आयुर्वेदिक सामग्रियों की खूबी वाली पांच ऐसी चीजें बनाना जानते हैं, जो रोजाना इस्तेमाल की जा सकती हैं।

**आयुर्वेदिक टूथपेस्ट**

आयुर्वेदिक टूथपेस्ट से रोजाना अपने दांतों को ब्रश करने से मुंह के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। लाभ के लिए आपको सबसे पहले एक चम्मच रिफाइंड कपूर, चीनी और फिटकरी को एक साथ मिलाएं। अब इसमें दो बड़ी चम्मच सूरजमुखी का तेल और करीब पांच बूंद लौंग का तेल मिलाएं। कपूर और फिटकरी आपके दांतों को मजबूत और सफेद बनाते हैं, जबकि तेल आपके मसूड़ों को मजबूत बनाने में मददगार है।

**आयुर्वेदिक टूथपेस्ट से रोजाना अपने दांतों को ब्रश करने से मुंह के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। लाभ के लिए आपको सबसे पहले एक चम्मच रिफाइंड कपूर, चीनी और फिटकरी को एक साथ मिलाएं। अब इसमें दो बड़ी चम्मच सूरजमुखी का तेल और करीब पांच बूंद लौंग का तेल मिलाएं। कपूर और फिटकरी आपके दांतों को मजबूत और सफेद बनाते हैं, जबकि तेल आपके मसूड़ों को मजबूत बनाने में मददगार है। घर पर आयुर्वेदिक टूथब्रश बनाना बहुत ही आसान है।**

**आयुर्वेदिक टूथब्रश**

घर पर आयुर्वेदिक टूथब्रश बनाना बहुत ही आसान है। इसके लिए सबसे पहले नीम की छह इंच लंबी टहनी लें और फिर इसे एक दिन के लिए पानी में भिगो दें। इसका इस्तेमाल करते समय टहनी के एक सिरे को टूथब्रश के समान बनाने के लिए दांतों से अच्टे से क्रश करें।

ब्रश करने के बाद इस्तेमाल किए हुए हिस्से को काट दें और टहनी को फिर से ताजे पानी में भिगो दें। इस प्रक्रिया को रोजाना दोहराएं।

**आयुर्वेदिक बाथ पाउडर**

ऐसे लोग जिन्हें बहुत पसीना आता है, उनके लिए यह आयुर्वेदिक बाथ पाउडर बेहतरीन तरीके से काम करेगा। लाभ के लिए सबसे पहले लगभग 200 ग्राम जंगली हल्दी, खसखस, चंदन और तुलसी लें और फिर इन्हें पीसकर धूप में सुखा लें। अब इनको पीसकर पाउडर बना लें और फिर इसमें बबूल के फल का 500 ग्राम पाउडर अच्छी तरह मिला लें। आपका खुशबूदार और पौष्टिक आयुर्वेदिक बाथ पाउडर तैयार है।

**आयुर्वेदिक साबुन**

सबसे पहले एक कटोरी में हल्दी पाउडर लें और उसमें एलोवेरा जेल, नारियल का तेल और विटामिन ई कैप्सूल डालकर मिलाएं। अब एक बड़े बर्तन में दो कप पानी गरम करें और फिर इसी में हल्दी वाले मिश्रण की कटोरी रखकर उसे भी उबलने दें। जब मिश्रण उबल जाए तो कटोरी को बाहर निकालकर मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर उसमें गुलाब जल डालकर मिलाएं। अब इसे साबुन के सांचे में डालकर करीब आठ घंटे तक फ्रिज में रखें।

**आयुर्वेदिक शैंपू**

सबसे पहले नीलमणि बेल और गुड़हल की पत्तियां लें और इन्हें रात भर पानी में भिगो दें। अगले दिन जब आप नहाने जाएं तो पानी में भीगी हुई पत्तियों को उसी पानी के साथ पीस लें और फिर उसे बालों में शैंपू की तरह लगाएं। यह प्रातिक शैंपू आपके बालों को चमक और मजबूती प्रदान करता है और साथ ही डैंड्रफ की समस्या को भी रोकता है।

# ये कैसा डेमोग्राफिक डिविडेंड?

यह आम निष्कर्ष रहा कि आधे से ज्यादा बच्चे अपनी क्लास से दो क्लास नीचे के टेक्स्ट ठीक से नहीं पढ़ पाते। गणित की स्थिति और खराब है। एक चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों के छात्रों से अपेक्षात बेहतर है।

जिस समय भारत के दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने की चर्चा गर्म है, ये सवाल अहम सवाल भी चर्चित है कि आखिर आबादी की मौजूदा स्थिति से बीच देश जनसंख्या संबंधी लाभ उठा पाएगा? अब चार साल बाद आई शिक्षा की स्थिति पर वार्षिक सर्वे रिपोर्ट (असर) ने इस सवाल को और भी प्रासंगिक बना दिया है। असर से हर साल भारत की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता की तस्वीर सामने आती रही है। चूंकि दो से अधिक साल तक स्कूल कोरोना महामारी के कारण बंद रहे, इसलिए ये रिपोर्ट तैयार करने वाली संस्था भी अपना पूरा आकलन पेश नहीं कर पाई। 2022 में जाकर उसने व्यापक रूप से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता का अध्ययन किया। ताजा रिपोर्ट से यह तो उत्साहवर्धक सूचना सामने आई है कि महामारी के बाद स्कूलों में छात्रों की मौजूद्गी सामान्य हो चुकी है। दरअसल, स्कूलों में दाखिला का प्रतिशत महामारी के पहले से भी ऊंचा हो गया है। लेकिन इस रिपोर्ट से महामारी के दौरान शिक्षा ग्रहण करने में हुए नुकसान का विवरण भी सामने आया है। मसलन, यह आम निष्कर्ष रहा कि आधे से ज्यादा बच्चे अपनी क्लास से दो क्लास नीचे के टेक्स्ट ठीक से नहीं पढ़ पाते। गणित की स्थिति और खराब है। एक चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों के छात्रों से बेहतर है, जबकि आम तौर पर प्राइवेट स्कूलों में अपेक्षात समृद्ध घरों के बच्चे पढने जाते हैं। बहरहाल, यह सूरत प्रश्न यह उठाती है कि आखिर ऐसी शिक्षा के साथ भारत अपने विकास के लिए अपनी युवा आबादी का लाभ कैसे उठा पाएगा? गौरतलब है कि यह वो वक्त है, जब दुनिया चौथी पीढ़ी के औद्योगिकीकरण में प्रवेश कर रही है। यानी जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्रोत बनने जा रहे हैं। ऐसे वक्त पर कमजोर लर्निंग किस काम की साबित होगी?

# त्रिपुरा में सीपीएम का गुजरात मॉडल

त्रिपुरा में सीपीएम ने विधानसभा चुनाव के लिए 46 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। राज्य की 60 में से 46 सीटों पर सीपीएम लड़ेगी और बाकी सीटें उसने कांग्रेस के लिए छोड़ी हैं। इस बार सीपीएम ने त्रिपुरा में भाजपा का गुजरात मडल लागू किया है। पार्टी ने एक को छोड़ कर पिछले साले विधायकों की टिकट काट दी है। पिछले चुनाव में सीपीएम के 16 विधायक जीते थे, जिनमें पांच बार मुख्यमंत्री रहे मानिक सरकार भी शामिल थे। इस बार मानिक सरकार सहित 15 विधायक चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। सिर्फ एक निवर्तमान विधायक को टिकट दी गई है। याद करें इसी तरह से गुजरात में पिछले साल के चुनाव से पहले भाजपा ने पूरी सरकार बदल दी थी और पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी सहित उनकी सरकार के लगभग सभी मंत्रियों की टिकट काट दी थी। विजय रूपानी और वरिष्ठ मंत्रियों को टिकट नहीं देते हुए भाजपा ने जो कहा था बिल्कुल वहीं बात सीपीएम ने भी कही है। भाजपा ने कहा था कि ये नेता खुद ही चुनाव नहीं लड़ता चाहते हैं। कई नेताओं ने चिा लिख कर कहा था कि उनको टिकट नहीं दी जाए। उसी तरह सीपीएम ने भी कहा है कि मानिक सरकार सहित लगभग सभी विधायक चुनाव नहीं लडना चाहते थे। इसलिए उनकी जगह नए लोगों को टिकट दी गई है। गुजरात में भाजपा का प्रयोग तो सफल हो गया था लेकिन त्रिपुरा में सीपीएम का सफल होगा या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि राज्य की राजनीति के जानकारों का मानना है कि मानिक सरकार के चेहरे पर चुनाव लडने का सीपीएम को ज्यादा फायदा होता। उनके नहीं लडने से पार्टी कमजोर हुई है। बहरहाल, इसका पता दो मार्च को नतीजों से चलेगा।

# जानें, सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं फूलगोभी की पत्तियां और कैसे करें सेवन



सर्दी के मौसम में खाने के लिए मौसमी फल और सब्जियां मिलती हैं। फूल गोभी भी इसी मौसम में मिलती है। इसे सर्दियों की सब्जी भी कहते हैं। इसमें कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा पत्ता गोभी के पत्ते भी सेहत के लिए किसी औषधि से कम नहीं हैं। अक्सर पत्तागोभी के पत्ते दें क देते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें। इसमें लाभकारी फाइबर, प्रोटीन, विटामिन-ए, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आइए, जानते हैं फूलगोभी के पत्तों से होने वाले फायदों के बारे में- फूलगोभी के पत्तों में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है. इससे बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। फूलगोभी के पत्तों का सेवन आप सलाद, सूप और स्नैक्स के रूप में कर सकते हैं।एक शोध में यह बात सामने आई है कि फूलगोभी के पत्तों में विटामिन-ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह जरूरी पोषक तत्व आंखों के लिए फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से रतौंधी का खतरा कम होता है।

विशेषज्ञों की मानें तो फूलगोभी की पत्तियों में एंटी-अक्सीडेंट्स के गुण होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स और अक्सीडेटिव स्ट्रेस से होने वाले नुकसान से बचाने में मददगार होते हैं। इसके अलावा पत्ता गोभी के सेवन से पुरानी बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है।इसमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके प्रयोग से महिलाओं को लाभ होता है। साथ ही हड्डियां भी मजबूत बनती हैं।इन सभी गुणों के अलावा फूलगोभी के पत्ते प्रोटीन और खनिजों से भरपूर होते हैं। प्रोटीन समेत अन्य जरूरी पोषक तत्व बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से शरीर में कद, वजन और हीमोग्लोबिन बढ़ता है। इसके लिए फूलगोभी के पत्तों को दें के नहीं बल्कि इसका सेवन करें।

# संसद : सवाल तो बनता है

**अरविंद कुमार सिंह**

हाल में उपराष्ट्रपति द्वारा जयपुर में 83वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में न्यापालिका और विधायिका पर जो सवाल खड़ा किया, उस पर बहस आरंभ हो गई है, लेकिन उन्होंने अपने बयान में संसद में संवाद, विमर्श और बहस को बढ़ाने पर जोर देते हुए तीन साल के दौरान संविधान सभा के 11 सत्रों के व्यवधानरहित संचालन कोआदर्श स्थिति भी बताया था।

जाहिर है कि यहां उनका संकेत था कि सदन बेहतर चले और कामकाज ढंग से होना चाहिए। संविधान सभा में कौन लोग थे और वहां किस समर्पण भाव से काम हुआ, इसे समय-समय पर पक्ष-विपक्ष के लोग स्वीकार करते हैं, लेकिन आज हकीकत कुछ अलग है, और न्यायपालिका और कार्यपालिका में टकराव विधि मंत्री के रोजमर्रा के बयानों से जनता की निगाह में भी आ चुका है। न्यायपालिका पर सवाल होता रहना चाहिए, लेकिन इस पर भी संसद और जनप्रतिनिधि क्या भूमिका निभा रहे हैं।

पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में पहली बार इस पर बहस नहीं छिड़ी है। तिरुवनंतपुरम में 2007 में हुए सम्मेलन में सर्वसम्मत संकल्प पास हुआ, जिसमें कहा गया कि संविधान में ऐसा कोई महाअंग नहीं है, जो दूसरे के क्षेत्राधिकार में हस्तक्षेप करे। राज्य के सभी अंगों से अपेक्षा है कि संविधान द्वारा तय कार्यक्षेत्र में रहते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे देश लोकतांत्रिक व्यवस्था को सद्भावनापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।

गौर करने की बात है कि हमारी संसदीय व्यवस्था में मंत्री विधायिका के ही सदस्य होते हैं। वे कार्यपालिका में अहम हैसियत में होते हैं, और विधायिका के प्रति जवाबदेह भी। तीनों अंग अपने दायरे में सर्वोच्च हैं। टकराव होता है तो विधायिका और कार्यपालिका एक पक्ष बन जाती है, लेकिन संविधान शासित देशों में संविधान ही सर्वोपरि होता है। चूंकि भारतीय संविधान में शक्तियों के बंटवारे में कठोरता नहीं दिखती, इसलिए परम शक्तिशाली दर्शाने का प्रयास भी बीच-बीच में दिखता है। सर्वोच्च विधायी निकाय होने के कारण संसद राजनीतिक संरचना में अहम है। जनता सांसदों को चुनती है, और उनके बनाए कानूनों में जनाकांक्षाएं झलकती हैं। कानूनों को कार्यपालिका लागू करती है।



स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका परखती है कि संवैधानिक उपबंधों का पालन किया जा रहा है, या नहीं। कानून बनने पर संविधान के अन्य उपबंधों के अतिक्रमण के आधार पर चुनौती दी जा सकती है। संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा बनाए गए कानूनों को संविधान के अधिकार क्षेत्र से परे मानकर वह रद्द भी कर सकती है। ऐसा किया भी है, और टकराव का अहम कारण यही है, लेकिन संसद अपनी प्रक्रियाओं को खुद रेगुलेट करती है। सभा की कार्यवाही की वैधता को अदालतों में चुनौती भी नहीं दी जा सकती। कानून कैसे बनेगा, इसे भी संविधान में तीन सूची में बांटा गया है। वित्तीय मामलों में लोक सभा की भूमिका सर्वोपरि है पर राष्ट्रीय हित में राज्य सूची के विषय पर कानून बनाने के लिए सक्षम बनाने में राज्य सभा की विशेष भूमिका है।

संसद सत्र की अवधि सरकार कामों की मात्रा को ध्यान में रख कर तय करती है, लेकिन बीते दशकों में देखा जा रहा है कि संसद और विधानसभाओं में सरकार बैठकों की संख्या कम करती जा रही है, और विधेयक जल्दबाजी में पास हो रहे हैं। इस कारण कानून की गुणवत्ता वैसी नहीं रहती जो व्यापक विचार मंथन या छानबीन से गुजरे कानूनों की होती है। मिसाल के तौर पर तीन षि कानून ऐसी जल्दबाजी में बने कि उनके चलते भारी विरोध हुआ। संसद का मुख्य काम कानून बनाना और लोगों को सशक्त बनाने के लिए नीतियां तय करना है। कानून बनाने में विपक्षी सांसदों और जनता की भी भूमिका होती है। इसी के तहत कई क्रांतिकारी कानून बने हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, हिंदू विवाह, बाल श्रम, सती निवारण, सूचना का अधिकार, मनरेगा, महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण, निरूशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा आधिकार, जीएसटी जैसे बहुत से कानून गिनाए जा सकते हैं। राज्य सभा ने कानूनों को जल्दबाजी में बनने से रोकने की अपनी भूमिका को निभाया भी, लेकिन 2021 में स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि बिना व्यापक बहस के जल्दबाजी में संसद में कानून बनाने से गंभीर खामियां रह जाती हैं, कई पहलू अस्पष्ट रह जाते हैं। ऐसे कानूनों का औचित्य समझ से परे है। इस बयान का संसद की ओर से जवाब नहीं दिया गया।

मोदी सरकार में देखें तो 2014 से 2019 के दौरान 331 बैठकों में 205 विधेयक पारित हुए। इसकी तुलना 2004 से 2009 के दौरान यूपीए सरकार में 332 बैठकों में 258 विधेयक पारित हुए। कोरोना के दौरान 2020 के मानसून सत्र की 10 बैठकों में 22 घंटे में 25 विधेयक पारित हुए, जिनमें तीन षि कानून भी शामिल थे, लेकिन जब 17वीं लोक सभा का पहला सत्र 37 दिन चला तो 35 विधेयक बेहतरीन चर्चा के बाद पारित हुए कोई सवाल नहीं उठा। सत्ता पक्ष और विपक्ष में सहमति हो तो एक विधेयक एक दिन में ही दोनों सदनों में पारित हो सकते हैं, और ऐसा 12 मई 2016 को राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विविद्यालय विधेयक पर हुआ था।

दोनों सदनों से पारित होने के बाद उसी दिन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की मुहर भी लग गई, लेकिन ऐसा बिरले मौकों पर ही होता है। बेशक, नये कानूनों के साथ समस्याएं आती हैं। कई दबाव समूह भी काम करते हैं। 2016-17 के बाद से वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक तमाम पड़ताल होने के बाद भी इसी नाते लटका हुआ है। 16 दिसम्बर, 2021 को संयुक्त समिति की रिपोर्ट आई, लेकिन 3 अगस्त, 2022 को सरकार ने इसे वापस ले लिया। अब इस पर नये विधेयक का इंतजार है, जिसमें कमियों की गुंजाइश नहीं होगी। 17वीं लोक सभा में मानसून सत्र तक पास 94 विधेयकों पर तथ्य बताते हैं कि वे उसी सत्र में पास हुए जिसमें प्रस्तुत किया गया और 35त्न विधेयक 30 मिनट से कम समय में पारित हुए। इसे अच्छी स्थिति नहीं माना जा सकता। इसी तरह चिंता का दूसरा बिंदु कानून बनाने में विभाग संबंधी स्थायी समितियों की सीमित होती भूमिका भी है।

# शिष्या से दुष्कर्म के मामले में आसाराम बापू दोषी करार

**गांधीनगर, एजेंसी।** दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे संत आसाराम बापू को गांधीनगर की एक अदालत से भी बड़ा झटका लगा है। गांधीनगर की अदालत ने महिला शिष्या से दुष्कर्म मामले में आसाराम बापू को दोषी करार दिया है। ये मामला 2013 में दर्ज किया गया था। सत्र अदालत के न्यायाधीश डीके सोनी ने सजा को लेकर अपना आदेश मंगलवार (31 जनवरी) के लिए सुरक्षित रख लिया।

इस मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने सबूतों के अभाव में आसाराम की पत्नी समेत छह अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है।


विशेष लोक अभियोजक आरसी कोडेकर ने मामले में आज हुई सुनवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले को स्वीकार कर लिया है और आसाराम को धारा 376 2(सी) (बलात्कार), 377 (अप्रातिक अपराध) और भारतीय दंड संहिता के अन्य प्रावधानों के तहत अवैध हिरासत के लिए सोमवार को दोषी ठहराया है।

दरअसल,सूरत की एक महिला ने अक्टूबर 2013 में आसाराम बापू और सात अन्य लोगों के खिलाफ बलात्कार और अवैध रूप से बंधक बनाने का मामला दर्ज कराया था। आरोपियों में से एक की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में जुलाई 2014 में चार्जशीट दायर की थी।

अहमदाबाद के चांदखेड़ा पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आसाराम बापू ने 2001 से 2006 के बीच पीड़िता महिला से कथित तौर पर कई बार दुष्कर्म किया था। जब उसके साथ यह हो रहा था तब वह शहर के बाहरी इलाके में स्थित अपने आश्रम में रह रही थी।

घटना 2008 की है। आसारम के मोटेरा स्थित गुरुकुल में पढ़ने वाले दो बच्चों की आश्रम में संदिग्ध रूप से मौत हो गई। उस दौरान आसाराम पर आरोप लगा कि आश्रम में तंत्र-मंत्र के चक्कर में बच्चों की मौत हुई है।

2009 में फिर से तंत्र-मंत्र और काला जादू के मामले में



आसाराम बापू विवादों में आ गए। राजू चंदक नाम के एक व्यक्ति ने आसाराम बापू पर आरोप लगाया कि काला जादू और तंत्र मंत्र के जरिए आसाराम उसे मारने का प्रयास कर रहे हैं। राजू चंदक ने यह भी आरोप लगाया कि आसाराम के आश्रम में महिलाओं का यौन शोषण किया जाता है।

दिसम्बर 2012 में राजस्थान के पाली जिले में आसाराम का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आसाराम ने यहां कथा समाप्त होने के बाद एक ट्रली पर चढ़कर इलेक्ट्रनिक मशीन से प्रसाद के रूप में चकलेट बरसाना शुरू किया। इससे कई लोगों को चोट पहुंची। सोजत गांव के हरिराम भी कथा सुनने पहुंचे थे। इनकी आंखों में चकलेट से ऐसी चोट लगी कि सीधे अस्पताल जाना पड़ा। इन्होंने आसाराम के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज करवाया।

मध्य प्रदेश के विदिशा में फरवरी 2013 में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां एक भक्त आसाराम बापू के पैर टूने के लिए झुका तब आसाराम ने उसे एक लात मारी। इससे आहत भक्त काफी देर तक ठीक से चल भी नहीं पाया। भक्त की शिकायत पर कोर्ट ने आसाराम के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है।

आसाराम बापू जमीन विवादों में भी उलझे हुए हैं। इन पर रतलाम में करीब 100 एकड़ जमीन कब्जा करने का मामला दर्ज है। मामला 2001 का है मंगलया मंदिर के पास आसाराम के योग वेदांत समिति ने 11 दिनों के लिए एक जमीन ली। लेकिन 11 दिनों के बाद जमीन खाली नहीं की गई। 700 करोड़ रुपए की यह जमीन श्जयंत विटामिन्स लिमिटेडश् की है।

इस जमीन के मामले में आसाराम, उनके बेटे नारायण सांई और कुछ अन्य लोगों को अरोपी बनाया गया। इससे पहले सन् 2000 में इन पर एक अन्य जमीन को हड़पने का मामला सुर्खियों में रहा था।

होली के मौके पर आसाराम ने हजारों लीटर पानी से भक्तों के साथ होली खेली। महाराष्ट में इसका विरोध किया गया। महाराष्ट सरकार के पानी बचाओ अभियान पर आसाराम बापू ने कहा कि श्पानी किसी के बाप का नहीं हैश्। इस बयान के बाद आसाराम विवादों में घिर गए। अति तब हो गई जब रतलाम में आयोजित एक सभा में इन्होंने कहा कि श्पृथ्वी पर पानी की कमी नहीं है। अगर मैं झूठ बोल रहा हूं तो तुम सब मर जाओ।

## पेशावर मस्जिद विस्फोट में 29 पुलिसकर्मियों की मौत, और बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**पेशावर , एजेंसी।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में सोमवार को एक मस्जिद में हुए विस्फोट में 29 पुलिसकर्मी मारे गए और 150 अन्य घायल हो गए। एक चश्मदीद ने कहा- नमाज के वक्त मस्जिद में 550 के करीब लोग मौजूद थे। पेशावर के आयुक्त रियाज महसूद ने हताहतों की पुष्टि करते हुए कहा कि शहर की पुलिस लाइंस में स्थित मस्जिद के अंदर बचाव अभियान चल रहा है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पूरे शहर के अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

इस बीच, लेडी रीडिंग अस्पताल के प्रवक्ता मोहम्मद आसिम ने बताया कि घायलों को अभी भी चिकित्सा सुविधा में लाया जा रहा है और उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। मस्जिद के अंदर पुलिस, सेना और बम निरोधक दस्ते के जवान फिलहाल मौजूद थे। इसमें कहा गया है कि धमाके से मस्जिद का एक हिस्सा ढह गया था और माना जा रहा है कि इसके नीचे कई लोग फंसे हुए हैं।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट आत्मघाती बम विस्फोट के कारण हुआ था या यदि बम मस्जिद के अंदर लगाया गया था। अभी तक किसी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। एक बयान में, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विस्फोट की कड़ी निंदा की और कहा कि घटना के पीटे हमलावरों का श्इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है। आतंकवादी उन लोगों को निशाना बनाकर डर पैदा करना चाहते हैं जो पाकिस्तान की रक्षा करने का कर्तव्य निभाते हैं। आतंकवाद के खतरे के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। प्रीमियर ने यह भी कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई जाएगी और संघीय सरकार प्रांतों को उनकी आतंकवाद विरोधी क्षमता बढ़ाने में मदद करेगी। साथ ही हमले की निंदा करते हुए, विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि स्थानीय और आम चुनावों से पहले आतंकवादी घटनाएं सार्थक थीं।

## अलीरेजा गोल्फ सऊदी के नए सीईओ नियुक्त

**रियाद , एजेंसी।** नूह अलीरेजा को गोल्फ सऊदी का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। एशियाई खेलों में सऊदी अरब की राष्ट्रीय टीम के पूर्व सदस्य अलीरेजा ने माजिद अलसोरौर की जगह ली है। माजिद अलसोरौर गोल्फ सऊदी के बोर्ड सदस्य और सऊदी गोल्फ फेडरेशन के उपाध्यक्ष और अरब गोल्फ फेडरेशन के सचिव के रूप में बने रहेंगे।

## संबंधों को सुधारने के लिए ईरान व सऊदी अरब जल्द करेंगे वार्ता : एफएम

**तेहरान , एजेंसी।** ईरानी विदेश मंत्री हुसैन आमिर-अब्दुल्लाहियान ने कहा है कि ईरान और सऊदी अरब के संबंधों को जल्द ही सामान्य करने पर बातचीत फिर से शुरू होने की उम्मीद है। अमीर-अब्दोलाहियन ने रविवार को ईरान की राजधानी तेहरान में अपनी बैठक के बाद अपने कतरी समकक्ष मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तेहरान और रियाद के बीच अगले दौर की बातचीत पर टिप्पणी की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात के साथ ईरान के संबंधों में सुधार हुआ है, क्योंकि इन दो अरब राज्यों ने पहले ही अपने राजदूतों को तेहरान वापस भेज दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान और बहरीन के बीच संदेशों का अप्रत्यक्ष आदान-प्रदान एक मध्यस्थ के माध्यम से जारी है। दोनों पक्षों के बीच जारी बातचीत स्थायी सहयोग का विस्तार है।

## नाटो में शामिल होने के संबंध में फिनलैंड के अनुरोध पर अलग तरह से जवाब दे सकता है तुर्की : राष्ट्रपति

**अंकारा , एजेंसी।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने कहा है कि तुर्की नाटो में शामिल होने के संबंध में फिनलैंड के प्रयासों पर कुछ अलग तरीके से जवाब दे सकता है, जो स्वीडन को हैरान कर देगा। एर्दोगन ने रविवार को बिलेसिक के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में एक बैठक में कहा, यदि आवश्यक हुआ तो तो हम फिनलैंड को अलग तरह से जवाब दे सकते हैं। जब हम फिनलैंड को अलग तरह से जवाब देंगे तो स्वीडन चौंक जाएगा। लेकिन फिनलैंड को वही गलती नहीं करनी चाहिए। तुर्की ने प्रत्यर्पण के लिए स्वीडन को 120 आतंकवादियों की एक सूची सौंपी। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा, नाटो में शामिल होने के लिए नर्डिक देश को इन लोगों को प्रत्यर्पित करना चाहिए।

## फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने सीआईए प्रमुख से इजराइल पर दबाव डालने का किया आग्रह

**रामल्लाह , एजेंसी।** फिलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स से आग्रह किया है कि वह इजराइल पर फिलीस्तीनियों के खिलाफ उसके एकतरफा कदमों को रोकने के लिए दबाव डालें। बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली नई इजराइली सरकार पर अपने एकतरफा उपायों को रोकने और समझौतों का पालन करने के लिए दबाव बनाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करना महत्वपूर्ण है।रामल्लाह के वेस्ट बैंक शहर में राष्ट्रपति मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान अब्बास ने बर्न्स से कहा, क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और स्थिरता हासिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों के आधार पर राजनीतिक स्थिति को बहाल करना महत्वपूर्ण है।अब्बास ने बर्न्स को नवीनतम घटनाक्रमों और वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में तनाव की हालिया घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी।अब्बास से मिलने से पहले, बर्न्स ने वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी सुरक्षा तंत्र के प्रमुखों के साथ बातचीत की।

## हाईकोर्ट ने समलैंगिक विवाहों को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में किया स्थानांतरित

**नई दिल्ली , एजेंसी, ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को विशेष विवाह अधिनियम, हिंदू विवाह अधिनियम और विदेशी विवाह के तहत अपने विवाह को मान्यता देने की मांग करने वाले कई समलैंगिक जोड़ों की आठ याचिकाओं को सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया।

6 जनवरी को, शीर्ष अदालत ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता प्रदान करने के संबंध में सभी याचिकाओं को क्लब और अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। इसने कहा था, चूंकि याचिकाओं के कई बैच दिल्ली, केरल और गुजरात उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं, इनमें एक ही प्रश्न शामिल है, हमारा विचार है कि उन्हें इस न्यायालय द्वारा स्थानांतरित और तय किया जाना चाहिए।

हम निर्देश देते हैं कि सभी रिट याचिकाएं इस कोर्ट को स्थानांतरित हो जाएंगी। प्रधान न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की खंडपीठ ने सोमवार को अपने आदेश में कहा, इस अदालत की राय है कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में सभी मामले उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित किए जाते हैं। कार्यालय रिकर्ड को तुरंत स्थानांतरित करने का निर्देश दिया जाता है।

## बीबीसी डक्यूमेंट्री पर बैन सही या गलत? सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, 6 फरवरी को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली , एजेंसी, ।** गुजरात दंगों पर बीबीसी डक्यूमेंट्री श्इंडिया रू द मोदी क्योश्चन के बैन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले की 6 फरवरी को सुनवाई होने जा रही है। दिल्ली के एड्वोकेट ने सरकार की तरफ से डक्यूमेंट्री के प्रसारण पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने सरकार के कदम को मनमाना और असंवैधानिक बताया था। इसके अलावा वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण की याचिका पर भी सोमवार को सुनवाई होगी।


दिल्ली के एक वकील ने मनामाना और असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने 2002 के गुजरात दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भोजपुर में उपेंद्र कुशवाहा के काफिले पर हमला

### युवकों ने दें के पत्थर, सुरक्षाकर्मियों से हुई झड़प

**पटना, एजेंसी।** जदयू के राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने ट्विटर के माध्यम से उनके काफिले पर हमले की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भोजपुर जिले के जगदीशपुर में नयका टोला मोड़ के पास से गुजर रहे काफिले में शामिल उनकी गाड़ी पर कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक पत्थर से हमला कर दिया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने जब उनका पीछाघ् किघ्या तो सभी हमलावर भाग निकले।

दरअसल, उपेंद्र कुशवाहा डुमरांव में पूर्व विधायक दाऊद अली के श्रद्धांजलि कार्यक्रम से आरा के रास्ते पटना लौट रहे थे। इस दौरान आरा के जगदीशपुर में नायका टोला मोड़ के पास उपेंद्र कुशवाहा के काफिले को काले झंडा दिखा रहे कुछ युवकों के



साथ उनके समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों की झड़प हो गई। वहीं, उपेंद्र कुशवाहा ने ट्वीट कर उन पर हमले की जानकारी दी है।

अभी भोजपुर जिला के जगदीशपुर में नयका टोला मोड़ के पास से गुजर रहे काफिला में शामिल मेरी गाड़ी पर कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक हमला कर दिया, पत्थर दें का। सुरक्षाकर्मियों के दौड़ने पर सभी भाग निकले।/छपजपीज्ञनउंत /इपींता चवसपबम

वहीं, उपेंद्र कुशवाहा को काला काला झंडा दिखा रहे युवकों का कहना है वे लोग लोकतांत्रिक तरीके से विरोध -प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उपेंद्र कुशवाहा के साथ चल रहे लोगों ने उन लोगों के साथ मारपीट की, जिसमें दो युवकों को सिर में चोट आई है।

इधर, उपेन्द्र कुशवाहा के विरोध किघ्ए जाने के बाद दो गुटों के समर्थकों के बीच सरे-आम लाठी-डंडे चले, जिसका का लाइव वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। पुलिस ने मौके पर मोर्चा संभाल रही है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है। उपेन्द्र कुशवाहा ने गाड़ी पर ईंट-पत्थर से हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं, इस झड़प में अशोक कुशवाहा और प्रेम कुशवाहा को चोटें आई हैं, जिन्घ्हें लाठी से पीटा गया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

पूरे मामले पर उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि वे जगदीशपुर गांव के नयका टोला के पास पहुंचे थे, जहां कार्यकर्ता उनका स्वागत कर रहे थे। वहां से आगे जाने के क्रम में अचानक उनकी गाड़ी पर पत्थर दें के जाने लगे। इससे वे सोच में पड़ गए कि आखिर हुआ क्या है। आगे उन्घ्होंने बतायाघ् कघ्ि जब उनकी गाड़ी प्रदर्शन स्थल से थोड़ी आगे बढ़ी और उन्घ्होंने गाड़ी वहीं रुकवा दी, जहां कुछ असामाजिक तत्व विरोध कर रहे थे। जब सुरक्षाकर्मी काफिले से उतरे तो असामाजिक तत्व वहां से भाग गए।

## अमेरिकी नेतृत्व से वार्ता करेंगे एनएसए अजीत डोभाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल अमेरिका के शीर्ष नेतृत्व से महत्वपूर्ण वार्ता करेंगे। वह अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन से चर्चा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बातचीत अमेरिका और भारत के संबंधों में परमाणु समझौते के बाद एक मील का पत्थर साबित होगी। डोभाल महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए पहल (आईसीईटी) पर पहली उच्चस्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे।

इस दौरान वह एनएसए सुलिवन समेत कई शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। पिछले साल टोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुई बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में आईसीईटी का जिक्र सामने आया था। आईसीईटी में सहयोग के लिए छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है।

बता दें कि इनमें वैज्ञानिक शोध और विकास, क्वांटम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा खोज, अंतरिक्ष और अत्याधुनिक दूरसंचार शामिल हैं। टेलीकाम क्षेत्र में 6जी और सेमीकंडक्टर को भी शामिल किया गया है। व्हाइट हाउस में 31 जनवरी को दोनों पक्षों की बैठक के समापन के बाद इसमें



लिए गए निर्णयों की घोषणा होने की उम्मीद है।

भारत और अमेरिका को उम्मीद है कि यह बैठक दोनों देशों के करपोरेट क्षेत्रों के बीच एक विश्वसनीय भागीदार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की नींव रखेगी, ताकि स्टार्टअप की संसति से फल-फूल रही सार्वजनिक-निजी साझेदारी पर जोर देने वाले दोनों देश वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तानाशाही हुकूमतों के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें।

बता दें कि इसका मकसद बाकी दुनिया को ऐसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां प्रदान करना है, जो तुलनात्मक रूप से काफी सस्ती हों। भारत और अमेरिका ने आईसीईटी के तहत सहयोग के लिए जिन छह क्षेत्रों की पहचान की है, उनमें वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास, क्वांटम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (त्रिम बुद्धिमता), रक्षा नवाचार, अंतरिक्ष तथा 6जी और सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत संचार पद्धतियां शामिल हैं।

## कमलनाथ ने शिवराज पर किया हमला

**भोपाल , एजेंसी, ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूटे गए सवाल को लेकर उन पर हमला किया।

कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा श्मध्यप्रदेश में कोई भी विकास कार्य ना करने की शपथ ले चुके मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी से मैं यह पूछना चाहता हूं कि आपने भाजपा के नारी शक्ति संकल्प पत्र में षि उपज और दूध के प्राथमिक प्रसंस्करण हेतु महिला स्वयं सहायता समूह और एफपीओ को 20 लाख रुपए तक का दीर्घकालिक ब्याज मुक्त ा ण देने का वादा किया था। क्या आप जनता के सामने तथ्य रखकर बताएंगे कि इस घोषणा पर क्या प्रगति हुई?

## रांची में पुलिस और नक्सलियों में जबरदस्त मुठभेड़

रांची , एजेंसी, रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस और प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के नक्सलियों के बीच एक और मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से 100 राउंड से भी ज्यादा फायरिंग हुई। पुलिस का कहना है कि तीन से चार नक्सली गोली लगने से घायल हुए हैं, लेकिन उनके साथी उन्हें लेकर जंगलों में भागने में सफल रहे।

चर्चा है कि इनमें से एक नक्सली की मौत हो गई है। पुलिस रविवार रात से ही सर्च अपरेशन चला रही है। इस दौरान 777 कारतूसों के जखीरे के अलावा सात वकी-टकी और कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं।बताया गया कि रांची के एसएसपी को सूचना मिली कि हथियारबंद नक्सलियों का एक दस्ता इलाके के ईंट भा। व्यवसायियों से लेवी (रंगदारी) वसूलने के लिए सूमो जंगल में इका। हुआ है। इसपर डीएसपी अनिमेष नैथानी की अगुवाई में टीम गठित कर मौके पर भेजी गई।

जंगल में पुलिस टीम के दाखिल होते ही नक्सलियों ने जोरदार फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों के इस दस्ते को दस्ता टीएसपीएस के एरिया कमांडर दिनेश गंझू उर्फ तिवारी लीड कर रहा था।

## महात्मा गांधी के विचारों को अपनाकर उन पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि : अमित शाह

**नई दिल्ली , एजेंसी, ।** देश के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का निधन आज ही के दिन , एजेंसी 1948 को हुआ था। नाथूराम गोडसे ने दिल्ली में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बापू को नमन किया है।अमित शाह ने ट्वीट करते हुए कहा कि स्वदेशी और स्वावलंबन के मार्ग पर चलकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा देने वाले महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। आजादी के अमृतकाल में पूज्य बापू के स्वच्छता, स्वदेशी और स्वभाषा के विचारों को अपनाकर उन पर चलना ही गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# हिंडनबर्ग, जिसकी रिपोर्ट से अदाणी को हुआ भारी नुकसान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अदाणी समूह के संबंध में अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट के बाद भूचाल मचा हुआ है। अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च ने शेयर में हेरफेर और धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट आने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। उधर, अदाणी समूह ने रिपोर्ट के बाद 413 पन्नों में अपनी प्रतिक्रिया दी। अब हिंडनबर्ग ने अदाणी के जवाब के बाद एक बार फिर पलटवार किया है। हिंडनबर्ग की इस रिपोर्ट पर अदाणी समूह ने कई सवाल उठाए हैं। पहले भी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर विवाद होता रहा है।

हिंडनबर्ग रिसर्च क्या है? हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह को लेकर क्या रिपोर्ट जारी की है? इस पर अदाणी समूह का क्या कहना है? डिंडनबर्ग समूह पहले किन कंपनियों पर इस तरह की रिपोर्ट जारी की है? हिंडनबर्ग समूह की



विश्वस्नीयता पर क्यों सवाल किए जा रहे हैं? आइये जानते हैं

हिंडनबर्ग रिसर्च एक वित्तीय शोध करने वाली कंपनी है, जो इक्विटी, क्रेडिट और डेरिवेटिव मार्केट के आंकड़ों का विश्लेषण करती है। इसकी स्थापना साल 2017 में नाथन एंडरसन ने की है। हिंडनबर्ग रिसर्च हेज फंड का कारोबार भी करती है। इसे करपोरेट जगत की गतिविधियों के बारे में खुलासा करने के लिए जाना जाता है। इस कंपनी का नाम हिंडनबर्ग आपदा पर आधारित है जो 1937 में हुई थी, जब एक जर्मन यात्री हवाई पोत में आग लग गई थी, जिसमें 35 लोग मारे गए थे।

कंपनी यह पता लगती है कि क्या शेयर मार्केट में कहीं गलत तरीके से पैसों की हेरा-फेरी तो नहीं हो रही है? क्या कोई कंपनी अकाउंट मिसमैनेजमेंट तो खुद को बड़ा नहीं दिखा रही है? क्या कंपनी अपने फायदे के लिए शेयर मार्केट में गलत तरह से दूसरी कंपनियों के शेयर को बेट लगाकर नुकसान तो नहीं पहुंचा रही?

25 जनवरी को हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप के संबंध में 32 हजार शब्दों की एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के निष्कर्ष में 88 प्रश्नों को शामिल किया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी की संपत्ति एक अरब डलर बढ़कर 120 अरब डलर हो गई है। इस दौरान समूह की 7 कंपनियों के शेयर औसत 819 फीसदी बढ़े हैं।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मरीशस से लेकर संयुक्त अरब अमीरात तक टैक्स हेवन देशों में अदाणी परिवार की कई मुखौटा कंपनियों का विवरण है। आरोपों के मुताबिक, इनका उपयोग भ्रष्टाचार, मनी लांड्रिंग के लिए किया गया। इन मुखौटा कंपनियों के जरिए फंड की हेराफेरी भी की गई।

कंपनी ने कहा है कि इस शोध रिपोर्ट के लिए अदाणी समूह के पूर्व अधिकारियों सहित दर्जनों लोगों से बात की गई। हजारों दस्तावेजों की समीक्षा हुई और आधा दर्जन देशों में दौरा किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर शेयरों को गिरवी रखकर कर्ज लिया गया। रिपोर्ट जारी करने के बाद हिंडनबर्ग ने कहा कि यदि गौतम अदाणी वास्तव में पारदर्शिता को अपनाते हैं, जैसा कि वे दावा करते हैं, तो उन्हें उत्तर देना चाहिए।

रिपोर्ट आने के बाद अदाणी समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी। अदाणी समूह ने इसे निराधार और बदनाम करने वाला बताया। समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर सिंह ने कहा, रिपोर्ट में इस्तेमाल तथ्यात्मक आंकड़े प्राप्त करने के लिए समूह से कोई संपर्क नहीं किया गया। यह रिपोर्ट चुनिंदा गलत व बासी सूचनाओं, निराधार और बदनाम करने की मंशा से किया गया एक दुर्भावनापूर्ण संयोजन है। अदाणी समूह के लीगल हेड जतिन जलुंढ़वाला ने कहा कि शर्ट सेलर हिंडनबर्ग को अदाणी समूह के शेयरों में आने वाली गिरावट से फायदा होगा। अदाणी समूह ने कहा कि हिंडनबर्ग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। अदाणी समूह की कानूनी कर्रवाई की चेतावनी पर हिंडनबर्ग का क्या जवाब?

# ओलंपिक की सफलता को विश्व कप में नहीं दोहरा सकी भारतीय टीम, आत्ममंथन की जरूरत

भुवनेश्वर, तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद मिले कांस्य पदक से जगी उम्मीदें विश्व कप में एक बार फिर ध्वस्त हो गई और अपनी मेजबानी में भारतीय टीम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई । पांच दशक से विश्व कप में चला आ रहा इंतजार जारी रहा और अब पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले कोच, टीम प्रबंधन और हर खिलाड़ी को आत्ममंथन करना होगा । टीम के अभ्यास , विदेश दौरों और सहयोगी स्टाफ के वेतन पर करोड़ों रूपया खर्च किया गया है ।



भुवनेश्वर और राउरकेला में लंबी कतारों में खड़े होकर टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाये बैठे दर्शकों का दिल भी इस प्रदर्शन ने तोड़ा है । आठ बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम महज एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है । अब तक हुए 15 विश्व कप में भारत का यह पांचवां सबसे खराब प्रदर्शन था । भारत चार बार नौवें स्थान पर रहा है लेकिन इस बार टूर्नामेंट में 16 टीमें खेल रही थी।भारत 1986 में 12वें , 1990 में 10वें, 2002 में 10वें और 2006 में 11वें स्थान पर रहा था । इसके अलावा 1998 और 2014 में भी नौवें स्थान पर रहा । 2018 में भुवनेश्वर में टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी लेकिन इस बार तो उससे पहले ही बाहर हो गई ।

एक तरफ जर्मनी ने जहां दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की, वहीं भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉसओवर मैच में दो गोल से बढत बनाने के बाद हार गई । न्यूजीलैंड ने मैच को पेनल्टी शूटआउट में खिचा और जीत दर्ज की । भारत के प्रदर्शन की सबसे कमजोर कड़ी पेनल्टी कॉर्नर रहा । फॉरवर्ड पंक्ति मौके नहीं बना सकी और डिफेंस अस्त व्यस्त नजर आया । ग्रुप चरण में स्पेन को 2 . 0 से हराने के बाद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला जिससे क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने की उसकी उम्मीदों पर पानी फिर गया । इसके बाद वेल्स जैसी कमजोर टीम के खिलाफ 4 . 2 से ही जीत दर्ज कर सकी ।

कोच ग्राहम रीड ने स्वीकार किया कि अपने मैदान पर विश्व कप खेलने का खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव था और टीम को मानसिक अनुकूलन कोच की जरूरत है । दूसरी ओर जर्मनी ने बेल्जियम का दबदबा तोडक़र दो गोल से पिछड़ने के बाद पेनल्टी शूटआउट में फाइनल जीतकर दिखा दिया कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकते । क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराने वाली जर्मन टीम ने तीसरी बार (2002 और 2006 के बाद) विश्व कप जीतकर नीदरलैंड और आस्ट्रेलिया की बराबरी की । सबसे ज्यादा चार बार खिताब पाकिस्तान ने जीता है । आस्ट्रेलिया 1998 के बाद पहली बार बैरंग लौटा है ।अगला विश्व कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होगा और टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार दोनों टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं ।

इस विश्व कप में 44 मैचों में 249 गोल हुए जिनमें से 143 मैदानी गोल थे । ओडिशा सरकार ने दुनिया का सबसे बड़ा अत्याधुनिक बिरसा मुंडा स्टेडियम बनाया जिसमें 21000 दर्शक बैठ सकते हैं । पहली बार विश्व कप में खेलगांव बनाया गया । मेजबानी के स्तर पर मिली सफलता से हॉकी में दुनिया भर का ध्यान एक बार फिर ओडिशा ने खींचा ।



## युजवेंद्र चहल ने मौका मिलते ही बना डाला ये रिकॉर्ड, सभी भारतीय खिलाडियों को छोड़ा पीछे

नईदिल्ली, भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर सीरीज में 1–1 से बराबरी कर ली है। इस मैच में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को खेलने का मौका मिला और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में यह कारनामा किया है ।युजवेंद्र चहल ने दूसरे टी20 मैच में 2 ओवर गेंदबाजी की इनमें 4 रन खर्च किए और 1 विकेट भी लिया। वह इस विकेट को हासिल करते ही युजवेंद्र चहल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए है ।इससे पहले भुवनेश्वर कुमार और युजवेंद्र चहल दोनों बराबर चल रहे थे। दोनों के नाम टी20 इंटरनेशनल मैचों में कुल 90–90 विकेट थे। लेकिन रविवार को खेले गए मैच में युजवेंद्र चहल ने एक और विकेट हांसिल कर ये रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब उनके नाम कुल 91 विकेट हो गए हैं।



## ग्राहम अर्नाल्ड आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम के कोच फिर बने

सिडनी, ग्राहम अर्नाल्ड एक बार फिर आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम के कोच बनाये गए हैं यानी वह लगातार दूसरे फीफा विश्व कप में टीम के साथ होंगे। आस्ट्रेलिया ने पेनल्टी शूटआउट में पेरू को हराकर दोहा में हुए विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था । आस्ट्रेलिया ने विश्व कप में दो ग्रुप मैच जीते और अंतिम 16 में अर्जेंटीना से हार गया ।अर्नाल्ड का करार विश्व कप तक ही था लेकिन फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने सोमवार को उनका करार अगले साल तक बढाने का ऐलान किया । कोच ने एक बयान में कहा, मुझे आस्ट्रेलिया से प्यार है और टीम के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की ख्वाहिश है ।मैं चाहता हूं कि हम अपने प्रशंसकों को खुश होने के और कई मौके दें ।

## मध्यप्रदेश में शुरू होंगे खेलो इंडिया युवा खेल

भोपाल, खेलो इंडिया युवा खेलों के पांचवें सत्र का सोमवार को शाम तात्या टोपे नगर स्टेडियम पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में उद्घाटन करेंगे। ये खेल प्रदेश के आठ शहरों के 23 मैदानों पर आयोजित किये जायेंगे और इनमें 27 खेलों में 6000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे । पहली बार कयाकिग, केनोइंग, केनोइ स्लालोम और तलवारबाजी जैसे खेल इन खेलों का हिस्सा होंगे । चौहान ने यहां पत्रकारों से कहा, खेलो इंडिया युवा खेलों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं । हिदुस्तान का दिल धडक़ा दो थीम पर अगले 13 दिन इन खेलों का आयोजन होगा । एक अधिकारी ने बताया कि शान, नीति मोहन, शिवमणि और अभिलिप्सा पांडा जैसे कलाकार इस मौके पर प्रस्तुति देंगे । खेल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और खरगोन में आयोजित होंगे ।

# नागपुर टेस्ट में खेल सकते हैं हैंड्सकोंब



सिडनी, आस्ट्रेलियाई मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनल्ड ने संकेत दिया कि टीम नौ फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पीटर हैंड्सकोंब को शामिल करने पर विचार कर रही है।

कैमरन ग्रीन अगर श्रृंखला के लिये समय पर नहीं उबर पाते हैं तो आस्ट्रेलिया हैंड्सकोंब की स्पिन खेलने की काबिलियत को देखते हुए मध्यक्रम में उन्हें मैदान पर उतार सकता है।

आल राउंडर ग्रीन उंगली में फ्रेक्चर से उबर रहे हैं जिनके साथ हैंड्सकोंब को भी टी म में चुना गया है ।मैकडोनल्ड ने कहा, वह वास्तव में काफी महत्वपूर्ण खिलाडी है। पिछले कुछ समय में यह साफ दिख चुका है कि वह स्पिन को बेहतर ढंग से खेलता है ।हैंड्सकोंब और ग्रीन चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले नॉर्थ सिडनी में बोन एंड्रयूज ओवल में स्पिन खेलने के लिये बनायी गयी पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे हैं ताकि भारत में परिस्थितियों से सांमजस्य बिठा सकें। इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल क्वालीफिकेशन तय होगा।

हैंड्सकोंब 2017 में भारत के पिछले दौरे पर भी टीम के साथ थे, साथ ही वह टीम में विकेटकीपर का विकल्प भी मुहैया कराते हैं।

उन्होंने कहा, वह धीमी पिचों पर शील्ड क्रिकेट में काफी रन जुटा चुका है। वह विकेटकीपिंग भी कर लेता है, इसलिये इससे हमें जोश (इंग्लिस) के नहीं होने पर हर विकल्प मिलता है और अगर एलेक्स कैरी को कुछ भी होता है तो हमारे पास विकल्प हैं।

उन्होंने कहा, हमें उसमें दायें हाथ के बल्लेबाज का महत्वपूर्ण विकल्प मिलता है। हमारी टीम में काफी बायें हाथ के बल्लेबाज हैं इसलिये उन्हें शामिल करने का यह महत्वपूर्ण विकल्प है। अगर कैमरन ग्रीन पहले टेस्ट के लिये फिट नहीं हो पाते हैं तो हमें लगता है कि हमारे पास कुछ अच्छे विकल्प हैं।

# फिल्मी सफर

## ईशा देओल अब बड़े पर्दे पर कर रहीं वापसी, मिला अमित का साथ



अभिनेत्री ईशा देओल एक बार फिर अभिनय की दुनिया में अपनी सक्रियता बढ़ा रही हैं। शादी करने के बाद उन्होंने धीरे–धीरे फिल्मों से दूरी बना ली थी, लेकिन अब ईशा बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह अमित साध अभिनीत एक फिल्म से फिल्मों में लौट रही हैं। निर्माता प्रदीप रंगवानी की इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। इससे जुड़ी और क्या कुछ जानकारी सामने आई है, आइए जानते हैं।

इस फिल्म में अमित के अलावा, सीमा बिस्वास और तिग्मांशु धूलिया भी अहम भूमिका में हैं। ईशा ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा, इस फिल्म में मेरी भूमिका जीवन में महिलाओं के विकास को दर्शाती है। यह एक मजबूत, लेकिन सरल संदेश देती है कि एक महिला सबकुछ हासिल कर सकती है। उन्होंने बताया, मेरा किरदार प्रभावी रूप से दर्शाता है कि कैसे एक महिला खुद को खोजती है और जीवन में कुछ बड़ा करती है। अमित की हिट फिल्म काय पो छे को याद कर ईशा ने कहा, अमित हिंदी सिनेमा के कलाकारों की नई पीढ़ी के एक बेहतर और करिश्माई अभिनेता हैं। मैं उनके काम को पसंद करती हूं। ईशा कहती हैं, अमित के साथ काम करने का यह अनुभव एक नया अनुभव होगा और मेरा विश्वास है कि हर अनुभव हमें जीवन में एक बेहतर इंसान बनाने में मदद करता है। मैं उनके साथ इस फिल्म में काम करने को लेकर उत्साहित हूं।


ना सिर्फ ईशा, बल्कि कई सितारे पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। शाहरुख पठान से पर्दे पर लौट रहे हैं तो अनुष्का की कमबैक फिल्म चकदा एक्सप्रेस है। फरदीन खान विस्फोट तो धर्मेंद्र रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से पर्दे पर लौट रहे हैं।

ईशा ने वेब सीरीज रूद्रः द एज ऑफ डार्कनेस के जरिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर वापसी की थी। इस सीरीज में ईशा ने अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभाया था, जो किसी और के साथ लिव इन में थीं। ईशा ने कहा, मैंने रुद्र में अजय संग काम किया। सुनील शेट्टी के साथ भी एक प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही हूं। इन दोनों अभिनेताओं के साथ काम कर मैं अब अभिनय में फिर से काफी सहज हो चुकी हूं।

2012 में बिजनेसमैन भरत तख्तानी से शादी के बाद ईशा की फिल्मों में सक्रियता काफी कम हो गई थी। शादी के बाद उन्हें मांजा जैसी एकाध तेलुगु फिल्म में देखा गया। अपनी बेटियों राध्या और मियारा के जन्म के बाद ईशा पूरा वक्त बेटियों के साथ बिता रही थीं। बच्चियों की देखभाल करने के लिए वह फिल्मों से दूर रहीं। अब ईशा की बेटियां इतनी बड़ी हो गई हैं कि वह दोबारा फिल्मों में काम करना शुरू कर सकती हैं। 2002 में ईशा ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। कोई मेरे दिल से पूछे उनकी पहली फिल्म थी।



## वेलवेट शॉर्ट ड्रेस पहनकर नेहा मलिक ने दिए सिजलिंग पोज



भोजपुरी इंडस्ट्री की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक नेहा मलिक हमेशा अपने लुक्स के कारण इंटरनेट पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में सुर्खियां बटौरने लगती हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में नेहा मलिक ने इंस्टाग्राम पर बेहद ही सेक्सी अंदाज में फोटोशूट करवाया है जिसमें उनके लुक्स को देख कर लोग अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना पहचाना नाम है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राप पर सांझा की हैं। अभिनेत्री नेहा मलिक ने अपनी इन तस्वीरों में वेलवेट डीप नेक और शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद ही सेक्सी पोज देते हुए स्टेयर्स के पास खड़े होकर एक से बढक़र एक पोज दिए हैं। नेहा मलिक आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं का जलवा बिखेर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं।

## पठानः दुनियाभर में बज रहा फिल्म का डंका, तीन दिन में कमाई 300 करोड़ के पार



इन दिनों चारों ओर शाहरुख खान की फिल्म पठान की धूम है। 25 जनवरी को सिनेमाघरों में आई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। ना सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इसने आग लगा रखी है। फिल्म ने तीन दिन में भारत में 150 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, वहीं दुनियाभर में महज तीन दिन में यह 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की कमाई के आंकड़ों पर एक नजर।

पठान तीन दिनों में दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार करने में सफल रही है। फिल्म के कलेक्शन के शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्टों से यह खुलासा हुआ है। पहले दिन इसने दुनियाभर में 106 करोड़ रुपये कमाए। दूसरे दिन यानी 26 जनवरी को दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 235 करोड़ रुपये के पार पहुंचा और तीन दिनों में यह आंकड़ा 300 करोड़ पार कर गया है।

पठान पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है। पहले दिन इसने 55 करोड़ रुपये की कमाई कर केजीएफः 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। नॉन हॉलिडे रिलीज होते हुए भी पठान भारत में पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले 53 करोड़ की कमाई के साथ केजीएफः 2 ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म थी और अब यह रिकॉर्ड पठान के पास है। बॉलीवुड में खुशी की लहर है, क्योंकि पिछले कुछ सालों से कई बड़ी हिंदी फिल्मों ने कुछ खास कमाल नहीं किया था।

## रजनीकांत की फिल्म जेलर में हुई तमन्ना भाटिया की एंट्री

रजनीकांत की आने वाली मूवी जेलर इन दिनों खासा सुर्खियों में हैं। इस मूवी को बीस्ट फिल्म के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार बनाने में लगे हुए है। फिल्म को लेकर बहुत लंबे समय से खासा बज बना हुआ है। अब इस मूवी की स्टारकास्ट में एक और नई एंट्री हुई है। बाहुबली स्टार तमन्ना भाटिया ने आज इंस्टाग्राम के जरिए घोषणा की है कि वो सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर में दिखाई देने आने वाली हैं। इस ऐलान के बाद से ही कॉलीवुड और टॉलीवुड की दुनिया में हंगामा मच गया। अदाकारा तमन्ना भाटिया साउथ फिल्मों की तो बड़ी स्टार हैं ही... साथ ही हिंदी दर्शकों के मध्य भी जाना–माना नाम बन चुकी है। अदाकारा बाहुबली के अलावा हिम्मतवाला, हमशक्ल और एंटरटेनमेंट जैसी मूवी दे चुकी हैं ।खबरों का कहना है कि तमन्ना भाटिया स्टारर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर को मेकर्स पैन इंडिया स्तर पर रिलीज करने जा रहे है। सुपरस्टार रजनीकांत का क्रेज हिंदी भाषी दर्शकों में भी काफी अधिक है। इतना ही नहीं उनकी रोबोट और 2.0 जैसी मूवीज ने हिंदी सिनेमाई मार्केट में भी तहलका मचाया था। वहीं, तमन्ना भाटिया की भी पैन इंडिया अपील भी की जा चुकी है। जिसका फायदा मेकर्स के इस फिल्म को होने वाला है।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com